Blue Book Series

NIYASHI

# बूस्टर हिंदी

## सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए एक पुस्तक

BEST **2500+**

## टॉपिक वाइज प्रश्न

- हिंदी की आधारभूत क़िताब
- नवीनतम पैटर्न पर आधारित MCQs
- पिछले वर्ष के अच्छे प्रश्न शामिल
- स्वयं के बनाए MCQs शामिल



Placement for QR Code

प्रतीक शिवालिक

पृष्ठ संख्या

1. **हिन्दी वर्णमाला**........................................ **1-2**

वर्ण विचार

उच्चारण स्थान

2. **शब्द भेद**........................................ **3-14**

रूढ़ शब्द

यौगिक शब्द

योगरूढ़ शब्द

तत्सम शब्द

तद्भव शब्द

देशज शब्द

विदेशज शब्द

3. **शब्दावली**........................................ **15-29**

अनेकार्थक शब्द

पर्यायवाची शब्द

विपरीतार्थक शब्द

श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द

4. **व्याकरण**........................................ **30-98**

मुहावरे

लोकोक्ति

शुद्ध/अशुद्ध वर्तनी का चयन

उपसर्ग

प्रत्यय

वाक्यांश के लिए एक शब्द

रिक्त स्थानों की पूर्ति

संधि

समास

कारक

लिंग

Android App Prateek Shivalik

वचन

काल

5. **विकारी शब्द**........ **99-115**

संज्ञा

सर्वनाम

विशेषण

क्रिया

वाक्य पक्ष

6. **अविकारी शब्द**........ **116-124**

क्रिया विशेषण

अव्यय

निपात

7. **वाक्य विचार**........ **125-152**

विराम चिन्ह के अनुप्रयोग

सरल वाक्य

संयुक्त वाक्य

मिश्र वाक्य

कर्तृवाच्य

कर्म वाच्य

भाव वाच्य

अर्थ के आधार पर वाक्य रचना

वाक्यगत अशुद्धियों का शोधन

8. **साहित्यिक दृष्टि**........ **153-159**

अलंकार

छंद

रस

9. **मौखिक अभिक्षमता**........ **160-212**

अपठित गद्यांश

Android App Prateek Shivalik

CHAPTER: 1

# हिन्दी वर्णमाला

## वर्ण विचार

**1.** भाषा की सबसे छोटी इकाई क्या है?
A) स्वर B) व्यंजन
C) वर्ण D) शब्द

**2.** हिन्दी वर्णमाला में कितने स्वर हैं ?
A) 11 B) 9
C) 15 D) 10

**3.** हिंदी भाषा में ह्रस्व स्वरों की संख्या कितनी है?
A) ग्यारह B) चार
C) सात D) दो

**4.** हिन्दी वर्णमाला में 'अं' और 'अ:' क्या हैं?
A) स्वर B) व्यंजन
C) अयोगवाह D) संयुक्ताक्षर

**5.** स्पर्श व्यंजन का उदाहरण है -
A) य B) व
C) ल D) च

**6.** हिन्दी में आगत व्यंजन है -
A) च B) ज़
C) त D) श्र

**7.** 'अल्पप्राण' वर्ण होता हैं, प्रत्येक वर्ग का:
A) पहला, चौथा, तीसरा B) चौथा, पाँचवाँ, पहला
C) पहला, तीसरा, पाँचवाँ D) पहला, दूसरा, पाँचवाँ

**8.** महाप्राण ध्वनि व्यंजन-वर्ग में किससे सम्बन्धित है?
A) पहला, दूसरा B) दूसरा, तीसरा
C) दूसरा, चौथा D) पहला, चौथा

## उच्चारण स्थान

**9.** निम्लिखित में से अन्तःस्थ व्यंजन वाला वर्ग कौन-सा है?
A) प ध न B) व ह ण
C) श ह र D) य ल व

**10.** निम्न में से अघोष वर्ण है -
A) इ B) ज
C) स D) ह

**11.** 'र' व्यंजन कहलाता है-
A) उत्क्षिप्त B) पार्श्विक
C) ऊष्म D) लुंठित

**12.** निम्न में '**पार्श्विक**' वर्ण कौन-सा है?
A) य B) व
C) र D) ल

**13.** इनमें से ओष्ठ्य स्वर कौन से हैं?
A) उ, ऊ B) इ, ई
C) अ, आ D) अ, इ

**14.** त, थ, द, ध, स आदि का उच्चारण स्थान है-
A) ओष्ठ्य B) दन्त्य
C) नासिक्य D) कण्ठ्य

**15.** ङ, ञ, ण, न और म कौन-से व्यंजन हैं?
A) संयुक्त व्यंजन B) आगत व्यंजन
C) अन्त:स्थ व्यंजन D) अनुनासिक व्यंजन

**16.** निम्नलिखित में से कौन-सा वर्ण तालव्य है?
A) क B) ट
C) च D) त

**17.** निम्नलिखित में से अर्द्धसंवृत स्वर कौन सा है?
A) ओ B) औ
C) अ D) ऐ

**18. स्पर्श संघर्षी** वर्ण कौन-से है?
A) च, छ B) त, थ
C) क, ख D) ट, ठ

**19.** अर्द्धस्वर है:
A) म B) स
C) ख D) य

**20.** निम्नलिखित में कंठोष्ठ्य ध्वनि है –
A) अ B) इ
C) ऊ D) ओ

# ANSWER KEY

| Q. | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Ans | C | A | B | C | D | B | C | C | D | C | D | D | A | B |
| Q. | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | | | | | | | | |
| Ans | D | C | A | A | D | D | | | | | | | | |

# SOLUTIONS

## वर्ण विचार

**1.** भाषा की सबसे छोटी इकाई 'वर्ण' है। वर्ण: भाषा की सबसे छोटी इकाई ध्वनि है। इस ध्वनि को 'वर्ण' कहते है। वर्णमाला: वर्णों के व्यवस्थित समूह को 'वर्णमाला' कहते है।

**2.** स्वर उन ध्वनियों को कहते हैं जो बिना किसी अन्य वर्णों की सहायता के उच्चारित की जाती हैं। स्वतंत्र रूप से बोले जाने वाले वर्ण, स्वर कहलाते हैं। हिंदी वर्णमाला में 11 स्वर हैं – अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ। हिंदी वर्णमाला में अनुस्वार(अं) एवं विसर्ग(अ:) अयोगवाह वर्ण होते हैं।

**3.** जिन स्वरों के उच्चारण में कम-से-कम समय लगता हैं उन्हें ह्रस्व स्वर कहते हैं। ये चार हैं - अ, इ, उ, ऋ। इन्हें मूल स्वर भी कहते हैं।
जिन स्वरों के उच्चारण में ह्रस्व स्वरों से दुगुना समय लगता है उन्हें दीर्घ स्वर कहते हैं। आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ दीर्घ स्वर के उदाहरण है।

**4.** ऐसे वर्ण जिनमें स्वर एवं व्यंजन दोनों के गुण पाए जाते हैं, उन्हें अयोगवाह कहते हैं।

Android App Prateek Shivalik

हिंदी वर्णमाला में अनुस्वार (अं) एवं विसर्ग (अः) अयोगवाह वर्ण होते हैं।

**5.** जिन व्यंजन वर्णो का उच्चारण करते समय वायु की टकराहट, कण्ठ, तालु, मूर्धा, दन्त, ओष्ठ को छूती हुई निकले वो स्पर्श व्यंजन कहलाते है। ये 25+2 = 27 व्यंजन होते है-
क वर्ग - क ख ग घ ङ ये कण्ठ का स्पर्श करते है। च वर्ग - च छ ज झ ञ ये तालु का स्पर्श करते है।
ट वर्ग - ट ठ ड ढ ण (ड़, ढ़) ये मूर्धा का स्पर्श करते है। त वर्ग - त थ द ध न ये दाँतो का स्पर्श करते है। प वर्ग - प फ ब भ म ये होठों का स्पर्श करते है।

**6.** आगत व्यंजन वे व्यंजन हैं, जो हिंदी भाषा में दूसरी भाषाओं से आए हैं। ये आगत व्यंजन उर्दू और फारसी भाषा से हिंदी में आए हैं।
ज और फ के नीचे नुक्ता लगाने से उसका उच्चारण और अर्थ दोनो बदल जाते हैं। जैसे - क़, ख़, ग़, फ़, ज़ इत्यादि।

**7.** जिन व्यंजनों के उच्चारण में श्वास-वायु कम मात्रा में बाहर निकलती है, उन्हें अल्पप्राण कहते हैं।
प्रत्येक वर्ग का पहला, तीसरा और पाँचवाँ वर्ण अल्पप्राण व्यंजन हैं। जैसे- क, ग, च, ज, ट, ड, ण, त, द, न, प, ब, म,। अन्तःस्थ (य, र, ल, व) भी अल्पप्राण ही हैं।

**8.** जिन व्यंजनों के उच्चारण में श्वास-वायु अल्पप्राण की तुलना में कुछ अधिक निकलती है और 'ह' जैसी ध्वनि होती है, उन्हें महाप्राण कहते हैं। प्रत्येक वर्ग का दूसरा और चौथा वर्ण तथा समस्त ऊष्म वर्ण महाप्राण हैं। जैसे- ख, घ, छ, झ, ठ, ढ, थ, ध, फ, भ और श, ष, स, ह।

## उच्चारण स्थान

**9.** जिन वर्णों का उच्चारण वर्णमाला के बीच अर्थात् (स्वरों और व्यंजनों) के बीच होता हो, वे अंतस्थ: व्यंजन कहलाते है।
ये व्यंजन चार होते है- य, र, ल, व।

**10.** वर्णों के उच्चारण में होने वाली ध्वनि की गूँज के आधार पर वर्णों के दो भेद हैं - घोष और अघोष।
अघोष वर्ण – जिन वर्णों के उच्चारण में नाद की जगह केवल श्वास का उपयोग होता हैं, वे अघोष वर्ण कहलाते हैं। स्पर्श वर्णों में प्रत्येक वर्ग का पहला, दूसरा वर्ण और श, ष, स अघोष वर्ण हैं।

**11.** लुंठित वर्ण : जिस वर्ण के उच्चारण में जीभ लुढ़कती है उसे लुंठित वर्ण कहते है। 'र' व्यंजन लुंठित व्यंजन कहलाता है।
अन्य विकल्प:- उत्क्षिप्त व्यंजन : ड़, ढ़, पार्श्विक व्यंजन: ल, ऊष्म व्यंजन: श, ष, स, ह

**12.** पार्श्विक वर्ण - जिन वर्णों के उच्चारण में पार्श्व से ध्वनि का आगमन होता है, पार्श्विक व्यंजन कहलाते हैं।

**13.** जिन वर्णों का उच्चारण दोनों होठों के स्पर्श से हो वे ओष्ठ्य वर्ण कहलाते हैं।
उदाहरण: प, फ, ब, भ, म, उ, ऊ आदि।
अन्य विकल्प: 'अ' कंठ्य वर्ण हैं, जबकि 'इ' तालव्य वर्ण हैं।

**14.** जिन वर्णों का उच्चारण ऊपर के दांतों पर जीभ के लगने से होता है, उसे दन्त्य वर्ण कहते हैं। जैसे - त, थ, द, ध, न, ल, और स।
अन्य विकल्प:-
उ, ऊ, प वर्ग (प्, फ्, ब्, भ्, म्) उपधमानीय ( ऍ, ऑ) का उच्चारणस्थान ओष्ठ्य है।
ञ्, म्, ङ्, ण्, न् और अनुनासिक का उच्चारणस्थान नासिका होता है।
अ, आ, क वर्ग (क्, ख्, ग्, घ्, ङ्) ह् और विसर्ग का उच्चारणस्थान कण्ठ्य होता है।

**15.** जिस वर्ण या अक्षर के उच्चारण में वायु मुँह और नाक से निकले, उन्ह अनुनासिक कहा जाता है। जैसे - ङ, ञ, ण, न और म।
ङ, ञ, ण, न और म ये पाँचो वर्ण अनुनासिक व्यंजन कहलाते है। ये पंचम वर्ण ही अनुनासिक में माने जाते है। ये हर वर्ग के अंतिम वर्ण माने जाते है।

**16.** जिन वर्णों का उच्चारण तालु से होता है, उसे तालव्य वर्ण कहते हैं। जैसे- इ, च, छ, ज, झ, य, और तालव्य श।
अन्य विकल्प: क - कंठ, ट - मूर्धा, च - तालु , त - दन्त।

**17.** अर्ध संवृत स्वर :- उच्चारण के समय जिह्वा की ऊँचाई सवृत की तुलना में कम रहती है तब अर्द्ध संवृत स्वर उच्चरित होते हैं। जैसे :- ए, ओ अर्द्ध संवृत की श्रेणी में आते है।
संवृत स्वर :- संवृत्त स्वर को बोलने पर मुँह सबसे कम खुलता है। जैसे - इ, ई, उ, ऊ।
विवृत स्वर :- विवृत्त स्वर को बोलने पर मुँह सर्वाधिक खुलता है। जैसे - आ।

**18.** स्पर्श संघर्षी - इन वर्गों (ध्वनियों) में प्रारंभिक चरण 'स्पर्श' का होता है तथा अंतिम चरण संघर्ष (रगड़/घर्षण) का होता है।
इस दृष्टि से च, छ, ज, झ ये चार वर्ण स्पर्श संघर्षी की श्रेणी में आते हैं। संस्कृत में इन्हें केवल 'स्पर्श' ही माना जाता है।

**19.** जिन वर्णों के उच्चारण में क्रमश: जीभ-तालु तथा होंठो का स्पर्श कम होता है तथा उच्चारण में स्वर जैसा पूर्ण आभास आता है।
अत: व्यंजन होने के कारण इन्हें अर्द्धस्वर व्यंजन कहा जाता है। हिन्दी में 2 अर्द्धस्वर व्यंजन है - 'य' 'व'।

**20.** ओ (अ + उ) तथा औ (अ + ओ) का उच्चारण-स्थान कण्ठोष्ठ है, इसलिए इन वर्णों को कण्ठोष्ठ्य भी कहा जाता है।
स्वरों का उच्चारण स्थान:-
अ, आ - कंठ
इ, ई - तालु
उ, ऊ - ओष्ठ
ऋ - मूर्धा
ए, ऐ - कंठ-तालु
ओ, औ - कंठ-ओष्ठ

Android App Prateek Shivalik

CHAPTER: 2

# शब्द भेद

## रूढ़ शब्द

**1.** मनुष्य किस प्रकार का शब्द है?
A) तत्सम B) विदेशज
C) रूढ़ शब्द D) देशज

**2.** ऐसे शब्द जो किसी निश्चित अर्थ को प्रकट कराते हैं लेकिन उनके टुकड़े करने पर वे निरर्थक हो जाते हैं, क्या कहलाते हैं?
A) देशज शब्द B) तद्भव शब्द
C) रूढ़ शब्द D) योगरूढ़ शब्द

**3.** "कमल" किस प्रकार का शब्द है ?
A) योगरुढ़ B) यौगिक
C) रूढ़ शब्द D) उपरोक्त में से कोई नही

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द रूढ़ शब्द नहीं है?
A) नाक B) कान
C) पीला D) महापुरुष

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द रूढ़ शब्द नहीं है?
A) घोड़ा B) कुत्ता
C) किताब D) एकदंत

**6.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द रूढ़ शब्द नहीं है?
A) रात B) बात
C) आग D) मदांध

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द रूढ़ शब्द नहीं है?
A) बगीचा B) लक्ष्मी
C) ऐरावत D) नीलकण्ठ

**8.** निम्नलिखित में से '**कमीज़**' कौन-सा शब्द है?
A) रूढ़ B) योगरूढ़
C) यौगिक D) उपरोक्त में से कोई नही

**9.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द रूढ़ शब्द है?
A) अभाव B) रानी
C) पंकज D) दशानन

**10.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द रूढ़ शब्द है?
A) कुपुत्र B) पाँच
C) पीताम्बर D) जलज

**11.** निम्नलिखित में से '**जल**' कौन-सा शब्द है?
A) रूढ़ B) योगरूढ़
C) यौगिक D) उपरोक्त में से कोई नही

**12.** निम्नलिखित में से "रूढ़" शब्द कौन - सा है?
A) पंकज B) विद्यालय
C) जलज D) कमल

**13.** निम्न में से रूढ़ शब्द का उदाहरण है ?
A) रंगीला B) कल
C) धार्मिक D) नमकीन

**14.** निम्न में से रूढ़ शब्द का उदाहरण है ?
A) नेत्रहीन B) प्रत्यक्ष
C) नमक D) मेंढक

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द रूढ़ शब्द है?
A) महर्षि B) सत्संग
C) चन्द्र D) भवसागर

## यौगिक शब्द

**16.** रचना के आधार पर शब्द के कितने भेद हैं?
A) दो B) तीन
C) चार D) पांच

**17.** जिस शब्द के कई सार्थक खण्ड हो सके, उसे क्या कहते है?
A) रूढ़ B) यौगिक
C) योगरूढ़ D) मिश्रित

**18.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द '**यौगिक**' है?
A) कल B) जप
C) छात्रावास D) जल

**19.** किस समूह के सभी शब्द यौगिक हैं?
A) घोड़ा, किताब, अजायबघर, मस्जिद B) रसोईघर, अनपढ़, पुस्तकालय, राजमहल
C) चाय, जूता, पहलवान, दर्शक D) मोबाइल, चम्मच, साड़ी, हवा

**20.** निम्नलिखित शब्दों में से सही यौगिक शब्द का चयन कीजिए।
A) घास B) सहपाठी
C) मकान D) रोटी

**21.** निम्न में से यौगिक शब्द का उदाहरण है ?
A) पैर B) हाथ
C) मानवता D) सिर

**22.** निम्नलिखित में से यौगिक शब्द का उदाहरण बताइए।
A) दुकानदार B) गाय
C) स्वदेश D) तीर

**23.** निम्नलिखित में से यौगिक शब्द का उदाहरण बताइए?
A) नमक B) सहपाठी
C) कुआं D) छोटा

**24.** निम्नलिखित में से यौगिक शब्द का उदाहरण बताइए?
A) चन्द्रशेखर B) पाठशाला
C) लम्बा D) वारिद

**25.** निम्नलिखित में से यौगिक शब्द का उदाहरण बताइए?
A) नीरज B) वृद्धाश्रम
C) जंगल D) गजानन

**26.** निम्नलिखित में से यौगिक शब्द का उदाहरण बताइए?
A) रजनीधर B) सामाजिक
C) ताला D) मुरारि

**27.** निम्नलिखित में से यौगिक शब्द का चयन कीजिए-
A) धनवान् B) कमल
C) धन D) पुस्तक

**28.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द यौगिक शब्द नहीं है?
A) पराश्रित B) जलमग्न
C) सर्वश्रेष्ठ D) तिरंगा

**29.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द यौगिक शब्द नहीं है?
A) निर्माण B) निर्गम
C) नवरत्न D) विद्या

**30.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द यौगिक शब्द है?
A) निर्जल B) दांत
C) नेत्र D) षडानन

Android App Prateek Shivalik

## योगरूढ़ शब्द

**31.** निम्नलिखित में से '**दशानन**' कौन-सा शब्द है?
A) यौगिक B) रूढ़
C) योगरूढ़ D) उपरोक्त में से कोई नही

**32.** 'पंकज' शब्द किस शब्द भेद का उदाहरण है?
A) तत्सम B) तद्भव
C) योगरूढ़ D) देषी

**33.** निम्नलिखित में से योगरूढ़ शब्द का उदाहरण बताइये?
A) पशु B) ओमकार
C) लम्बोदर D) देश

**34.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द योगरूढ़ शब्द नहीं है?
A) विषधर B) हलधर
C) चक्रधर D) चौराहा

**35.** निम्नलिखित में से **योगरूढ़** शब्द का उदाहरण बताइए?
A) आलू B) होठ
C) विनिमय D) जलज

**36.** पीताम्बर, लालफीताशाही और चारपाई शब्द निम्न में से किसके उदाहरण हैं?
A) यौगिक B) रूढ़
C) योगरूढ़ D) उपरोक्त में से कोई नही

**37.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द योगरूढ़ शब्द नहीं है?
A) विजयशंकर B) विंध्यांचल
C) महावत D) कूड़ा

**38.** चक्रधर शब्द है-
A) विदेशी B) योगरुढ़
C) यौगिक D) रूढ़

**39.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द योगरूढ़ शब्द नहीं है?
A) हरिदास B) राधेश्याम
C) घनश्याम D) सुविचार

**40.** निम्नलिखित शब्दों में योगरूढ़ शब्द कौन-सा है ?
A) चक्रपाणि B) पाठशाला
C) उपचार D) अभिव्यक्ति

**41.** योगरूढ़ शब्द की पहचान करें।
A) पानी B) विद्यालय
C) दिनकर D) पुस्तक

**42.** दिए गए विकल्पों में कौन - सा शब्द योगरूढ़ शब्द है?
A) डाकघर B) पंकज
C) विद्यालय D) घुड़सवार

**43.** निम्न में से योगरुढ़ शब्द का उदाहरण है ?
A) मनोनयन B) गिरिधर
C) महाराजा D) मनोहर

**44.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द योगरूढ़ शब्द नहीं है?
A) नकटी B) दुर्वासा
C) चक्रधर D) यात्रा

**45.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द योगरूढ़ शब्द नहीं है?
A) दशानन B) लम्बोदर
C) त्रिलोचन D) श्वेतपत्र

## तत्सम शब्द

**46.** निम्नलिखित में से तत्सम शब्द की पहचान कीजिए-
A) लौंग B) भ्रम
C) बन D) लाज

**47.** निम्नलिखित में से तत्सम शब्द की पहचान कीजिए-
A) बत्ती B) अभ्यंतर
C) मच्छर D) भट्ठी

**48.** निम्नलिखित में से कौन - सा शब्द तत्सम नहीं है?
A) कपाट B) कोठी
C) कुठार D) कुष्ठ

**49.** निम्नलिखित में से **तत्सम** शब्द है-
A) विवाह B) ईख
C) खीर D) गिद्ध

**50.** 'बेंत' का तत्सम रूप है-
A) वेन्त B) वेत्र
C) वेन्त्र D) वेंतृ

**51.** निम्नलिखित विकल्पों में 'तत्सम' शब्द है-
A) नारियल B) उपरोक्त
C) तुरन्त D) आलस्य

**52.** निम्नलिखित शब्दों में दिए गए विकल्पों में तत्सम शब्द का चयन कीजिए-
A) कलश B) कलस
C) कल्स D) कल्श

**53.** कौन - सा शब्द तत्सम है?
A) नाच B) पत्थर
C) पृष्ठ D) पंख

**54.** निम्नलिखित में तत्सम शब्द है-
A) मेघ B) ठेस
C) भौंरा D) जेठ

**55.** निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द तत्सम है?
A) धान B) धीरज
C) द्वितीय D) दाई

**56.** निम्नलिखित में से तत्सम शब्द का चयन कीजिये?
A) आग B) ईख
C) अमूल्य D) चाँद

**57.** निम्नलिखित में 'तत्सम' शब्द है ?
A) राय B) पंख
C) अग्नि D) सांई

**58.** निम्नलिखित में तत्सम शब्द नहीं है -
A) आज्ञा B) राय
C) सर्व D) स्वामी

**59.** निम्नलिखित में से किस शब्द का तत्सम रूप 'निम्बक' है?
A) नीला B) नींबू
C) नीम D) निराला

**60.** निम्नलिखित में से किस शब्द का तत्सम रूप 'आर्द्रक' है?
A) अदरक B) आर्द्र
C) अद्रख D) अदरख

**61.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम नहीं है ?
A) अक्षि B) अग्नि
C) अमूल्य D) कपूत

**62.** 'चना' का तत्सम रूप है-
A) चर्चन B) चणक
C) चषक D) चर्वण

**63.** 'जम' का तत्सम शब्द है-
A) जमना B) जामातृ
C) याति D) यम

**64.** 'छाता' का तत्सम शब्द होगा-
A) छादन B) छत्रक
C) छत्र D) छप्पर

Android App Prateek Shivalik

**65.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम है?
A) सूरज B) स्वर्ण
C) सेज D) आम

**66.** कौन-सा शब्द तत्सम है?
A) गाँव B) गाय
C) गाहक D) गोत्र

**67.** पत्थर का तत्सम रूप ________ होता है। उचित तत्सम शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए -
A) पाथर B) प्रस्तर
C) फत्थर D) पठार

**68.** जौ का तत्सम शब्द होगा।
A) जव B) ज्वार
C) ज्वर D) यव

**69.** तत्सम शब्द पहचानें-
A) पत्ता B) बिन्दु
C) मित्र D) सूरज

**70.** सूत का तत्सम है _________।
A) शुत्र B) सूत्र
C) शूतरा D) सुत

**71.** कौन-सा शब्द तत्सम है?
A) कर B) हाथ
C) हाथी D) आँख

**72.** निम्नलिखित में कौन सा शब्द तत्सम है?
A) मिट्टी B) मुट्ठी
C) मिठाई D) मस्तक

**73.** निम्न में तत्सम शब्द है:
A) झरना B) यौवन
C) जोगी D) जीभ

**74.** दिए गए विकल्पों में कौन-सा तत्सम शब्द है?
A) गायक B) गर्दभ
C) ग्रन्थि D) गणना

**75.** निम्नलिखित विकल्पों में से तत्सम शब्द कौन-सा है?
A) पूस B) पंछी
C) पका D) पुष्कर

## तद्भव शब्द

**76.** निम्नलिखित मे से तद्भव शब्द नहीं है ?
A) बौना B) लघु
C) रास D) अखरोट

**77.** निम्नलिखित में से तद्भव शब्द कौन-सा है?
A) पत्र B) पाँव
C) नग्न D) मित्र

**78.** निम्न में तद्भव शब्द कौन-सा है?
A) कपाट B) किवाड़
C) कूप D) कोई नहीं

**79.** 'श्मश्रु' शब्द का तद्भव रूप होगा-
A) मूँछ B) आँसू
C) अश्रु D) ससुर

**80.** निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तद्भव है?
A) उल्लास B) उच्छवास
C) निःश्वास D) उजास

**81.** निम्नलिखित में से तद्भव शब्द की पहचान कीजिए -
A) मक्खन B) माता
C) वृश्चिक D) पाश

**82.** निम्नलिखित में 'तद्भव' शब्द है :
A) कवि B) आज्ञा
C) किसान D) अग्नि

**83.** 'अंगुष्ठिका' शब्द के शुद्ध तद्भव रूप का चयन कीजिए -
A) अँगूठी B) अंगुठी
C) अँगूष्ठी D) अंगूठि

**84.** 'रक्षा' का तद्भव रूप होगा -
A) दीक्षा B) राख
C) रजत D) राखी

**85.** 'घटिका' शब्द का तद्भव रूप क्या होगा?
A) घंटा B) घड़ी
C) घड़ा D) कम

**86.** 'पटल' का तद्भव रूप है-
A) पराठा B) पलंग
C) पलड़ा D) पल्ला

**87.** 'घट' का तद्भव रूप है-
A) घड़ा B) घुटना
C) घटना D) घड़ी

**88.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तद्भव है?
A) निष्ठुर B) पंक्ति
C) दही D) पल्लव

**89.** कौन-सा शब्द तद्भव है?
A) सपना B) मित्र
C) मस्तक D) मत्स्य

**90.** कौन-सा शब्द तद्भव है?
A) कृष्ण B) अश्रु
C) आग D) कर्तव्य

**91.** निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द तद्भव है?
A) पक्ष B) पत्थर
C) पंक्ति D) पत्र

**92.** 'अग्नि' शब्द का तद्भव क्या होगा?
A) आग B) बड़वाग्नि
C) दावानल D) जठराग्नि

**93.** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प शुद्ध तद्भव - तत्सम युग्म है?
A) हाथ - हस्ती B) आँख - चक्षु
C) सोंठ - शुष्ठि D) घृत - घी

**94.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तद्भव नहीं है?
A) गुहा B) गोद
C) गीध D) गेंद

**95.** तद्भव-तत्सम की दृष्टि से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?
A) घड़ा - घट B) घात - घाव
C) घर - गृह D) घिन - घृणा

**96.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तद्भव नहीं है?
A) खाज B) खादन
C) खाट D) खान

**97.** तद्भव-तत्सम की दृष्टि से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?
A) गाय - गौ B) गोपाल - ग्वाल
C) गाहक - ग्राहक D) गाँठ -ग्रन्थि

**98.** निम्न में से तद्भव - तत्सम का कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है।
A) अमिय-अमृत B) अठखेली-अष्ट
C) अदरक-आर्द्रक D) अणि-अनी

**99.** 'गोधूम' का तद्भव रूप शब्द कौन-सा है?
A) धुआँ B) गधा
C) गाय D) गेहूँ

**100.** निम्नलिखित में से तद्भव शब्द क्या है?

A) कोण B) कोख
C) कुष्ठ D) कोकिल

**101.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तद्भव शब्द का उदाहरण नहीं है?
A) नब्बे B) नापित
C) निगलना D) नारियल

**102.** निम्नलिखित में से तद्भव शब्द है-
A) नग्न B) दक्षिण
C) द्राक्षा D) दाढ़ी

**103.** तद्भव शब्द है-
A) अँधेरा B) प्रकाश
C) रात्रि D) चन्द्र

**104.** निम्नलिखित में से तद्भव शब्द है-
A) अंगना B) गयंद
C) अंगी D) वानर

**105.** 'कर्पट' का तद्भव रूप है-
A) कपट B) कारपेट
C) कपूर D) कपड़ा

## देशज शब्द

**106.** इनमें से देशज शब्द नहीं है-
A) बीनणी B) लुगाई
C) बीबी D) गजबण

**107.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द देशज शब्द है?
A) आतिशबाजी B) शराब
C) आवारा D) अफ़सोस

**108.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द देशज शब्द है?
A) मुफ्त B) कटोरा
C) असर D) चाय

**109.** निम्नलिखित में से देशज शब्द का चयन कीजिए-
A) खलिहान B) जमींदार
C) मशीन D) कारतूस

**110.** निम्नलिखित में से कौन - सा देशज शब्द है?
A) कीमत B) बेटा
C) उच्च D) खिड़की

**111.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो देशज शब्द का सही विकल्प हो ।
A) चेहरा B) पैदावार
C) फैसला D) झंझट

**112.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन कर जो देशज शब्द का सही विकल्प हो।
A) हिसाब B) बुखार
C) इशारा D) झंझट

**113.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन कर जो देशज शब्द का सही विकल्प हो।
A) सराय B) आमदनी
C) खचाखच D) ख़राब

**114.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन कर जो देशज शब्द का सही विकल्प हो।
A) आलमारी B) आवाज़
C) खिड़की D) मशहूर

**115.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन कर जो देशज शब्द का सही विकल्प हो।
A) फीता B) मजबूर
C) उम्मीद D) डोंगा

**116.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द देशज नहीं हैं?
A) टक्कर B) धड़ाम
C) टेलीफोन D) तोंद

**117.** निम्नांकित में 'देशज' शब्द है:
A) कठपुतली B) मेला
C) रेवड़ D) पोटली

**118.** निम्नलिखित में से देशज शब्द कौन - सा है ?
A) शकुन B) सर्प
C) क्षण D) अक्खड़

**119.** निम्नांकित में से कौन - सा शब्द देशज नहीं है?
A) खटिया B) खुरपी
C) साइकिल D) हँसुआ

**120.** निम्नलिखित में से कौन - सा देशज शब्द का उदाहरण है?
A) ठेस B) बाग
C) खत D) प्रगति

**121.** निम्नलिखित में कौन - सा शब्द देशज है?
A) इलाज B) खाल
C) डोंगा D) जेल

**122.** दिए गए शब्दों में देशज शब्द की पहचान कीजिए:
A) अंगरी B) कुकुर
C) मनखे D) उढरिया

**123.** 'खिचड़ी' शब्द है:
A) संकर B) तत्सम
C) तद्भव D) देशज

**124.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन कर जो देशज शब्द का सही विकल्प हो।
A) खुसुर-पुसुर B) नोटिस
C) गोभी D) बहादुर

**125.** निम्नलिखित में से कौन सा देशज शब्द का उदाहरण है?
A) इंच B) कटरा
C) आतिशबाजी D) अमीर

**126.** निम्न में कौन - सा शब्द देशज है?
A) अफसोस B) तेंदुआ
C) अपील D) अदा

**127.** निम्नलिखित में कौन - सा शब्द देशज है?
A) आर्डर B) अजब
C) चिड़िया D) आबरू

**128.** निम्न में कौन - सा शब्द देशज है?
A) ठेठ B) आराम
C) इण्टर D) अदालत

**129.** निम्नलिखित में से कौन - सा शब्द देशज है?
A) खिड़की B) आवारा
C) असर D) कम्पनी

**130.** निम्नलिखित में कौन - सा शब्द देशज है?
A) कमिश्नर B) आसार
C) खखरा D) आवाज

**131.** निम्नलिखित में कौन - सा शब्द देशज है?
A) अल्ला B) ठुमरी
C) कमीशन D) आफत

**132.** निम्न में कौन - सा शब्द देशज है?
A) क्वार्टर B) फुनगी
C) इनाम D) कबूतर

**133.** निम्नलिखित में से कौन - सा देशज शब्द का उदाहरण नहीं है?
A) खाट B) अदालत
C) पगड़ी D) इडली

Android App Prateek Shivalik

**134.** निम्नलिखित में कौन - सा शब्द देशज है?
A) आदत B) उम्मीद
C) कलाई D) क्लास

**135.** निम्नलिखित में देशज शब्द है:
A) ओखली B) टोटका
C) टेंटुवा D) किवाड़

## विदेशज शब्द

**136.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विदेशज है?
A) काज B) सूप
C) खिचडी D) फुनगी

**137.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विदेशज है?
A) लाला B) तोंद
C) बक-बक D) कुर्सी

**138.** किस विकल्प के सभी शब्द विदेशज हैं ?
A) लाजवाब, मशीन, पवन B) कारीगर, अतिशयोक्ति, कहानी
C) मुमकिन, अमूमन, पक्षवार D) किस्सा, स्कूल, हमला

**139.** निम्नलिखित में कौन - सा शब्द 'विदेशज' है?
A) आग B) औरत
C) खेत D) पगड़ी

**140.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विदेशज शब्द है?
A) रेडियो B) पगड़ी
C) कर्राटा D) सर-सर

**141.** 'मोर्चा' किस प्रकार का शब्द है?
A) तद्भव शब्द B) विदेशज शब्द
C) देशज शब्द D) तत्सम शब्द

**142.** इनमें से कौन - सा शब्द विदेशज शब्द नहीं है?
A) साप B) तनखा
C) लंगड़ा D) बागिन

**143.** दिए गए शब्दों में विदेशज शब्द है:
A) तुरुप B) खेखर्री
C) मनुष्य D) ग्राम

**144.** विदेशज शब्द का चयन कीजिए।
A) ठुमरी B) कम्पनी
C) काया D) औजार

**145.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विदेशज नहीं है?
A) फ़क़ीर B) ईमारत
C) नतीजा D) जगमग

**146.** दिए गए शब्दों में विदेशज शब्द ज्ञात कीजिए।
A) डोंगा B) तेंदुआ
C) कलाई D) तरक्की

**147.** विदेशज शब्द है:
A) चश्मा B) जूता
C) जीभ D) वायू

**148.** निम्नलिखित में कौन - सा शब्द देशज है?
A) जूता B) कैम्प
C) आईना D) आदमी

**149.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विदेशज है?
A) जगमग B) चिड़िया
C) उम्मीद D) फुनगी

**150.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विदेशज है?
A) झुग्गी B) खट - खटाना
C) डिबिया D) जेल

**151.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विदेशज है?
A) पगड़ी B) चसक
C) लोटा D) गवाह

**152.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विदेशज है?
A) गवाह B) खुशबू
C) खूब D) उपरोक्त सभी

**153.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विदेशज है?
A) ट्यूशन B) लात
C) चटपट D) टोटी

**154.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विदेशज है?
A) कमल B) मौलवी
C) जनाब D) उपरोक्त सभी

**155.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विदेशज है?
A) मोर्चा B) खराटे
C) डिबिया D) इनमे से कोई नही

**156.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विदेशज है?
A) किरन B) सूप
C) उपास D) कबूतर

**157.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विदेशज है?
A) खिड़की B) बाल्टी
C) पगड़ी D) कटोरा

**158.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विदेशज है?
A) झुग्गी B) डाँडी
C) खट - खटाना D) डिबिया

**159.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विदेशज है?
A) खिचड़ी B) खिड़की
C) कपास D) तजुर्बा

**160.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विदेशज शब्द नहीं हैं?
A) तलाश B) फुनगी
C) तौलिया D) पटाखा

**161.** निम्नलिखित शब्दों मे विदेशज शब्द बताइये ?
A) काका B) बाबा
C) आलपिन D) डकार

**162.** निम्नलिखित में कौन - सा शब्द विदेशज है?
A) आश्रय B) इनाम
C) हड्डी D) ओखली

**163.** निम्नलिखित शब्दों में कौन - सा शब्द विदेशज है?
A) झुग्गी B) कमीशन
C) काका D) खटपट

**164.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विदेशज है?
A) झिलमिल B) टक्कर
C) तोंद D) थर्मामीटर

**165.** निम्नलिखित में कौन - सा शब्द विदेशज है?
A) किस्मत B) आम
C) कटोरा D) पर्यक

# ANSWER KEY

| Q. | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Ans | C | C | C | D | D | D | D | A | B | B | A | D | B | C |

Android App Prateek Shivalik

| Q. | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Ans | C | B | B | C | B | B | C | A | B | B | B | B | A | D |
| Q. | 29 | 30 | 31 | 32 | 33 | 34 | 35 | 36 | 37 | 38 | 39 | 40 | 41 | 42 |
| Ans | D | A | C | C | C | D | D | C | D | B | D | A | C | B |
| Q. | 43 | 44 | 45 | 46 | 47 | 48 | 49 | 50 | 51 | 52 | 53 | 54 | 55 | 56 |
| Ans | B | D | D | B | B | B | A | B | D | A | C | A | C | C |
| Q. | 57 | 58 | 59 | 60 | 61 | 62 | 63 | 64 | 65 | 66 | 67 | 68 | 69 | 70 |
| Ans | C | B | B | A | D | B | D | C | B | D | B | D | B | B |
| Q. | 71 | 72 | 73 | 74 | 75 | 76 | 77 | 78 | 79 | 80 | 81 | 82 | 83 | 84 |
| Ans | A | D | B | D | D | B | B | B | A | D | A | C | A | D |
| Q. | 85 | 86 | 87 | 88 | 89 | 90 | 91 | 92 | 93 | 94 | 95 | 96 | 97 | 98 |
| Ans | B | C | A | C | A | C | B | A | C | A | B | B | B | D |
| Q. | 99 | 100 | 101 | 102 | 103 | 104 | 105 | 106 | 107 | 108 | 109 | 110 | 111 | 112 |
| Ans | D | B | B | D | A | B | D | C | B | B | A | D | D | D |
| Q. | 113 | 114 | 115 | 116 | 117 | 118 | 119 | 120 | 121 | 122 | 123 | 124 | 125 | 126 |
| Ans | C | C | D | C | C | D | C | A | C | D | D | A | B | B |
| Q. | 127 | 128 | 129 | 130 | 131 | 132 | 133 | 134 | 135 | 136 | 137 | 138 | 139 | 140 |
| Ans | C | A | A | C | B | B | B | C | C | B | D | D | B | A |
| Q. | 141 | 142 | 143 | 144 | 145 | 146 | 147 | 148 | 149 | 150 | 151 | 152 | 153 | 154 |
| Ans | B | C | A | B | D | D | A | A | C | D | D | D | A | D |
| Q. | 155 | 156 | 157 | 158 | 159 | 160 | 161 | 162 | 163 | 164 | 165 | | | |
| Ans | A | B | B | B | D | B | C | B | B | D | A | | | |

# SOLUTIONS

## रूढ़ शब्द

**1.** 'मनुष्य' रूढ़ शब्द है क्योंकि इसके कोई खंड नहीं हो सकते।
रूढ़ शब्द- जो शब्द हमेशा किसी विशेष अर्थ को प्रकट करते हो तथा जिनके खण्डों का कोई अर्थ न निकले। जैसे - नाक, कान, पीला, पर, झट आदि।

**2.** सही उत्तर है- रूढ़ शब्द।
वे शब्द जो स्थानीय भाषा के शब्द होते है, ये देश की विभिन्न बोलियों से लिए जाते है।
तद्भव शब्द - उससे बने (तत् + भव = उससे उत्पन्न), अर्थात जो उससे (संस्कृत से) उत्पन्न हुए हैं। यहाँ पर तत् शब्द भी संस्कृत भाषा की ओर इंगित करता है।
योगरूढ़ शब्द - यौगिक शब्द जब अपने सामान्य अर्थ को छोड़ विशेष अर्थ बताने लगें, तब वे 'योगरूढ़' कहलाते है। जैसे - पंकज, वारिद (बादल), गजानन दशानन।

**3.** कमल 'रूढ़ शब्द' है क्योंकि इसका कोई खंड नहीं हो सकता।
जो शब्द हमेशा किसी विशेष अर्थ को प्रकट करते हैं तथा जिनके खण्डों का कोई अर्थ न निकले, उन्हें 'रूढ़' कहते हैं।
जैसे - नाक, कान, पीला, पर, झट आदि। इन शब्दों को खंड करने पर इनका कोई अर्थ नहीं निकलता, (जैसे - 'नाक' शब्द में 'ना' और 'क' का कोई अर्थ नहीं निकल रहा है)।

**4.** 'महापुरुष' रूढ़ शब्द नहीं है। 'महापुरुष' यौगिक शब्द है, जो महा + पुरुष (रूढ़+रूढ) के संयोग से बना है।
अन्य सभी विकल्प नाक, कान और पीला रूढ़ शब्दों के उदाहरण है क्योंकि इनमें शब्दों का मेल नहीं हुआ है।
रूढ़ शब्द- जो शब्द हमेशा किसी विशेष अर्थ को प्रकट करते हो तथा जिनके खण्डों का कोई अर्थ न निकले, उन्हें 'रूढ़' कहते हैं।

**5.** 'एकदंत' रूढ़ शब्द नहीं है। 'एकदंत' योगरूढ़ शब्द है, जो एक + दन्त के संयोग से बना है। एकदंत का अर्थ 'गणेश' है।
अन्य सभी विकल्प घोड़ा, कुत्ता, किताब रूढ़ शब्दों के उदाहरण है क्योंकि इनमें शब्दों का मेल नहीं हुआ है।
योगरूढ़ शब्द- जो शब्द अन्य शब्दों के योग से बनते हो, परन्तु एक विशेष अर्थ के लिए प्रसिद्ध होते है। जैसे- पंकज, जलज आदि।

**6.** 'मदांध' रूढ़ शब्द नहीं है। 'मदांध' यौगिक शब्द है, जो मद + अंध (रूढ+रूढ) के संयोग से बना है। अन्य सभी विकल्प रात, बात, आग रूढ़ शब्दों के उदाहरण है क्योंकि इनमें शब्दों का मेल नहीं हुआ है।
यौगिक शब्द- जो शब्द अन्य शब्दों के योग से बने हो तथा जिनके प्रत्येक खण्ड का कोई अर्थ हो। जैसे- डाकघर, देशवासी आदि।

**7.** 'नीलकण्ठ' रूढ़ शब्द नहीं है। 'नीलकण्ठ' योगरूढ़ शब्द है, जो नील + कण्ठ के संयोग से बना है। नीलकण्ठ का रूढ़ अर्थ 'शिव' है।
बगीचा, लक्ष्मी , ऐरावत अन्य सभी विकल्प रूढ़ शब्दों के उदाहरण है क्योंकि इनमें शब्दों का मेल नहीं हुआ है।

**8.** 'कमीज़' रूढ़ शब्द है क्योंकि इसके टुकड़े नहीं हो सकते।
रचना के आधार पर शब्दों के तीन भेद हैं - रूढ़, यौगिक एवं योगरूढ़।
रूढ़ -जो शब्द रुढ़ियों से या परम्परा से प्रयोग होते-होते किसी वस्तु विशेष के लिए निश्चित हो गए हैं और इनके खंड़ो का कोई अर्थ नहीं निकलता, रूढ़ शब्द कहलाते हैं। जैसे-कमल, कमीज़, लोटा, पगड़ी आदि।

**9.** 'रानी' रूढ़ शब्द है क्योंकि इसका कोई खंड नहीं हो सकता। इसमें किसी अन्य शब्द का मेल नहीं है।
अन्य विकल्प-
अभाव- यौगिक शब्द - अ+भाव (उपसर्ग+रूढ़) ; पंकज - योगरूढ़ शब्द - पंक+ज (कमल) ; दशानन - योगरूढ़ शब्द - दश+आनन (रावण)।

**10.** 'पाँच ' रूढ़ शब्द है क्योंकि इसका कोई खंड नहीं हो सकता।
अन्य विकल्प-
कुपुत्र - यौगिक शब्द - कु + पुत्र (रूढ + रूढ़) ; पीताम्बर - योगरूढ़ शब्द - पीत + अम्बर (विष्णु) ; जलज - योगरूढ़ शब्द - जल + ज (कमल)।

**11.** 'जल' रूढ़ शब्द है क्योंकि इसके टुकड़े नही हो सकते।
रचना के आधार पर शब्दों के तीन भेद हैं - रूढ़, यौगिक एवं योगरूढ़।
रूढ़ -जो शब्द रुढ़ियों से या परम्परा से प्रयोग होते-होते किसी वस्तु विशेष के लिए निश्चित हो गए हैं, और इनके खंड़ो का कोई अर्थ नहीं निकलता, रूढ़ शब्द कहलाते हैं। जैसे - कमल, कमीज़, लोटा, पगड़ी आदि।

**12.** कमल' रूढ़ शब्द है, क्योंकि इसका कोई खंड नहीं हो सकता
अन्य विकल्प:
विद्यालय- यौगिक शब्द- विद्या + आलय
पंकज - योगरूढ़ शब्द- पंक + ज (कमल)
जलज - योगरूढ़ शब्द- जल + ज (कमल)

**13.** 'कल' रूढ़ शब्द है क्योंकि यदि इसके टुकड़े कर दिये जाएँ तो 'क' और 'ल' का कोई स्वतंत्र अर्थ नहीं निकलेगा।
रूढ़ शब्द – ऐसे शब्द जिनके टुकड़े करने पर उनका कोई विशेष अर्थ नहीं निकलता है वे निरर्थक हो जाते हैं, रूढ़ शब्द कहलाते हैं। जैसे:- मन, टब, कल, पर।
रंगीला, धार्मिक और नमकीन यौगिक शब्द हैं क्योंकि इनमें क्रमशः- 'ईला', 'इक' और 'ईन' प्रत्यय लगा है।

**14.** 'नमक', रूढ़ शब्द है क्योंकि यदि इसके टुकड़े कर दिये जाएँ तो 'न', 'म' और 'क' का कोई स्वतंत्र अर्थ नहीं निकलेगा।

Android App Prateek Shivalik

रूढ़ शब्द – ऐसे शब्द जिनके टुकड़े करने पर उनका कोई विशेष अर्थ नहीं निकलता है वे निरर्थक हो जाते हैं, रूढ़ शब्द कहलाते हैं।
अन्य विकल्प- नेत्रहीन और प्रत्यक्ष, यौगिक शब्दों के उदाहरण हैं और मेंढक शब्द योगरूढ़ का उदाहरण है।

**15.** 'चन्द्र' रूढ़ शब्द है क्योंकि इसका कोई सार्थक खंड नहीं हो सकता।
अन्य विकल्प-
महर्षि - यौगिक शब्द - महा + ऋषि (रूढ़ + रूढ)
सत्संग - यौगिक शब्द - सत् + संग (उपसर्ग + रूढ)
भवसागर - यौगिक शब्द - भव + सागर(रूढ़ + रूढ)

## यौगिक शब्द

**16.** सही उत्तर है - तीन (रूढ़, यौगिक तथा योगरूढ़ शब्द)
रूढ़ शब्द- जो शब्द हमेशा किसी विशेष अर्थ को प्रकट करते हो तथा जिनके खण्डों का कोई अर्थ न निकले। जैसे - नाक, कान।
यौगिक शब्द- जो शब्द अन्य शब्दों के योग से बने हो तथा जिनके प्रत्येक खण्ड का कोई अर्थ हो। जैसे - डाकघर, देशवासी।
योगरूढ़ शब्द- जो शब्द अन्य शब्दों के योग से बनते हो, परन्तु एक विशेष अर्थ के लिए प्रसिद्ध होते है। जैसे- नीलकंठ।

**17.** जिस शब्द के कई सार्थक खण्ड हो सके, उसे यौगिक शब्द कहते हैं।
उदाहरण- कुपुत्र= कु + पुत्र, हिमालय= हिम + आलय, पुस्तकालय = पुस्तक + आलय, देवेंद्र = देव+ इन्द्र।

**18.** 'छात्रावास' एक यौगिक शब्द है तथा इसका खंड 'छात्र + आवास' है।
'कल', 'जप' तथा 'जल' ये तीनों रूढ़ शब्द हैं।
जो शब्द हमेशा किसी विशेष अर्थ को प्रकट करते हो तथा जिनके खण्डों का कोई अर्थ न निकले, उन्हें 'रूढ़' कहते है।

**19.** 'रसोईघर, अनपढ़, पुस्तकालय, राजमहल' ये सभी यौगिक शब्द हैं।
यहाँ विकल्प में दिए गए शब्द दो शब्दों से मिलकर बने हैं।
जैसे - रसोईघर - रसोई + घर, अनपढ़ - अन + पढ़, पुस्तकालय - पुस्तक + आलय, राजमहल - राज + महल

**20.** 'सहपाठी' का विच्छेद करने पर दोनों शब्द सार्थक होंगे अर्थात सहपाठी यौगिक शब्द है।
दिए गये विकल्पों में 'घास, मकान तथा रोटी का सार्थक खंड नहीं किया जा सकता। अतः यह रूढ़ शब्दों की श्रेणी में आते है।

**21.** 'मानवता' शब्द यौगिक शब्द है क्योंकि यह 'मानव' और 'ता' उपसर्ग के मेल से बना है।
पैर, हाथ और सिर रूढ़ शब्द हैं क्योंकि इनके टुकड़े करने पर कोई अर्थ नहीं निकलता है। अतः यह सभी शब्द रूढ़ शब्द के उदाहरण है।

**22.** 'दुकानदार' यौगिक शब्द का उदाहरण है - दुकान + दार।
अन्य विकल्प- गाय - रूढ़ शब्द, स्वदेश - योगरूढ़ शब्द, तीर - रूढ़ शब्द।

**23.** 'सहपाठी' यौगिक शब्द का उदाहरण है, सह + पाठी।
अन्य विकल्प- नमक - रूढ़ शब्द, कुआं - रूढ़ शब्द, छोटा - रूढ़ शब्द।

**24.** 'पाठशाला' यौगिक शब्द का उदाहरण है, अतः सही उत्तर 'पाठशाला' है।
अन्य विकल्प- चन्द्रशेखर - योगरूढ़ शब्द ; लम्बा- रूढ़ शब्द ; वारिद - योगरूढ़ शब्द।

**25.** 'वृद्धाश्रम' यौगिक शब्द का उदाहरण है, वृद्ध+आश्रम - यह दो शब्दों से मिलकर बना हुआ शब्द है।
अन्य विकल्प-
नीरज - योगरूढ़ शब्द
जंगल - रूढ़ शब्द
गजानन - योगरूढ़ शब्द

**26.** 'सामाजिक' शब्द यौगिक है, समाज + इक।
अन्य विकल्प-
रजनीधर - योगरूढ़ शब्द
ताला - रूढ़ शब्द
मुरारि - योगरूढ़ शब्द

**27.** यौगिक शब्द है - 'धनवान्'
धनवान् = धन + वान् (धन = रुपया-पैसा, वान् = वाला); अर्थ: जिसके पास धन हो, धनी, पैसेवाला।
जो शब्द अन्य शब्दों के योग से बने हो तथा जिनके प्रत्येक खण्ड का कोई अर्थ हो, उन्हें यौगिक शब्द कहते है।
रूढ़ शब्द है- धन, कमल, पुस्तक।

**28.** 'तिरंगा' यौगिक शब्द नहीं है।
'तिरंगा' योगरूढ़ शब्द है, यह शब्द ति + रंगा के योग से बना है, जिसका रूढ़ अर्थ है- राष्ट्रीय ध्वज।
पराश्रित, जलमग्न, सर्वश्रेष्ठ - यह यौगिक शब्दों के उदाहरण है।

**29.** 'विद्या' यौगिक शब्द नहीं है। 'विद्या' रूढ़ शब्द है, इस शब्द के सार्थक खंड नहीं किए जा सकते हैं।
निर्माण, निर्गम और नवरत्न यौगिक शब्दों के उदाहरण है।

**30.** 'निर्जल' यौगिक शब्द है क्योंकि इसका निर्माण निर्+जल (उपसर्ग+रूढ़) के मेल से हुआ है।
दांत और नेत्र रूढ़ शब्द है जबकि षडानन योगरूढ़ शब्द है।

## योगरूढ़ शब्द

**31.** 'दशानन ' योगरूढ़ शब्द है। दशानन (दश + आनन अर्थात् दस मुखों वाला)
वे शब्द जो यौगिक हैं किन्तु जिनका विशेष अर्थ होता है, अर्थात् किसी विशेष अर्थ के लिए रूढ़ हो जाते हैं, योगरूढ़ शब्द कहलाते हैं।
जैसे - जलज -कमल के लिए, अतः सही उत्तर योगरूढ़ शब्द है।

**32.** 'पंकज' शब्द योगरूढ़ भेद का उदाहरण है। पंकज = पंक + ज (कमल), अतः सही उत्तर योगरूढ़ है।
हिंदी में वह शब्द जो संस्कृत से सीधे आ गए है और आज भी प्रयोग हो रहे है, उन्हें तत्सम शब्द कहते है। जैसे- वायु, सूर्य।
संस्कृत शब्दों से परिवर्तित हो कर बने शब्द, ऐसे शब्द जिनका जन्म संस्कृत से हुआ है परन्तु समय के साथ बोलते - बोलते उनका स्वरुप बदल गया है ,उन्हें तद्भव शब्द कहते है। जैसे- कपूर, हाथ।

**33.** 'लम्बोदर' योगरूढ़ शब्द का उदाहरण है। लम्बा है उदार जिसका अर्थात् भगवान् गणेश।
अन्य विकल्प-
पशु - रूढ़ शब्द
ओमकार - यौगिक शब्द
देश - रूढ़ शब्द

**34.** 'चौराहा' योगरूढ़ शब्द का उदाहरण नहीं है। 'चौराहा' यौगिक शब्द है, यह शब्द चार+राह (रूढ+रूढ) के योग से बना है।
अन्य सभी विकल्प योगरूढ़ शब्दों के उदाहरण है क्योंकि इनमें दो शब्दों का मेल हुआ है और इनके सांकेतिक अर्थ भी हैं।

**35.** 'जलज' योगरूढ़ शब्द का उदाहरण है, जल में पैदा होने वाला अर्थात् कमल।
अन्य विकल्प-
आलू - रूढ़ शब्द
होठ - रूढ़ शब्द
विनिमय -रूढ़ शब्द

**36.** पीताम्बर, लालफीताशाही और चारपाई 'योगरूढ़' शब्द के उदाहरण हैं।
जैसे: जो पीला वस्त्र धारण करते हैं अर्थात भगवान् कृष्ण। इसी तरह चारपाई तथा लालफीताशाही का विग्रह करने पर हमे विशेष अर्थ प्राप्त होता है अतः स्पष्ट है कि योगरूढ़ विकल्प सटीक है।

**37.** 'कूड़ा' योगरूढ़ शब्द नहीं है। 'कूड़ा' रूढ़ शब्द है, इसके सार्थक खंड नहीं किए जा सकते है।
अन्य सभी विकल्प योगरूढ़ शब्दों के उदाहरण है क्योंकि इनमें दो शब्दों का मेल हुआ है और इनके सांकेतिक अर्थ भी हैं।

**38.** 'चक्रधर' योगरूढ़ शब्द है, जो 'चक्र + धर' के संयोग से बना है। चक्रधर का रूढ़ अर्थ 'विष्णु' है।
अन्य सभी विकल्प रूढ़ शब्दों के उदाहरण है क्योंकि इनमें शब्दों का मेल नहीं हुआ है।

**39.** 'सुविचार' योगरूढ़ शब्द का उदाहरण नहीं है। 'सुविचार' यौगिक शब्द है, यह शब्द सु+विचार (उपसर्ग+रूढ) के योग से बना है।
अन्य विकल्प-
हरिदास, राधेश्याम और घनश्याम तीनों शब्द योगरूढ़ हैं।

**40.** "चक्रपाणि" योगरूढ़ शब्द है। चक्रपाणि = चक्र + पाणि ( चक्र को हाथ में धारण करने वाला अर्थात विष्णु )
योगरूढ़ - जो शब्द अन्य शब्दों के योग से बनते हो, परन्तु एक विशेष अर्थ के लिए प्रसिद्ध होते है, उन्हें योगरूढ़ शब्द कहते है।
जैसे- दशानन = दश +आनन (दस मुखों वाला अर्थात रावण)
अन्य विकल्प-

Android App Prateek Shivalik

पाठशाला = पाठ + शाला (यौगिक शब्द)
उपचार = उप + चार (यौगिक शब्द)
अभिव्यक्ति = अभि + व्यक्ति (यौगिक शब्द)

**41.** 'दिनकर योगरूढ़ शब्द है।
योगरूढ़ शब्द वह यौगिक शब्द होते है, जो अपने सामान्य अर्थ को त्यागकर अन्य अर्थ ग्रहण करते हैं।
उदाहरण - लम्बोदर- गणेश
अन्य विकल्प-
विद्यालय यौगिक शब्द है।
पानी रूढ़ शब्द है।
पुस्तक एक सार्थक शब्द है।

**42.** 'पंकज' योगरूढ़ शब्द है। 'पंक +ज' (पंक अर्थात कीचड़) अर्थ है कीचड़ से (में) उत्पत्र; पर इससे केवल 'कमल' का अर्थ लिया जायेगा, अतः 'पंकज 'योगरूढ़ शब्द' है।
अन्य विकल्प:
डाकघर - डाक + घर, विद्यालय - विद्या + आलय, घुड़सवार - घुड़ + सवार उपरोक्त दिए गए प्रत्येक शब्द के दो खण्ड है और दोनों खण्ड सार्थक है, अत: ये यौगिक शब्द हैं।

**43.** 'गिरिधर' योगरूढ़ शब्द का उदाहरण है। योगरूढ़ शब्द – ऐसे यौगिक शब्द जिनका कोई सामान्य अर्थ न निकलकर विशेष अर्थ के रूप में प्रकट किए जाते हैं, योगरूढ़ शब्द कहलाते है।
जैसे- गजानन, त्रिलोचन, मुरलीधर, निशाचर आदि।
अन्य विकल्प:
मनोनयन, महाराजा और मनोहर शब्द यौगिक शब्द हैं क्योंकि इनमें मूल शब्द में कुछ जोड़कर अन्य शब्द बनाए गए हैं।

**44.** 'यात्रा' योगरूढ़ शब्द नहीं है। 'यात्रा' रूढ़ शब्द है, इसके सार्थक खंड नहीं किए जा सकते है।
नकटी, दुर्वासा और चक्रधर योगरूढ़ शब्दों के उदाहरण है क्योंकि इनमें दो शब्दों का मेल हुआ है और इनके सांकेतिक अर्थ भी हैं।

**45.** 'श्वेतपत्र' योगरूढ़ शब्द नहीं है। 'श्वेतपत्र' यौगिक शब्द है, यह शब्द श्वेत + पत्र (रूढ़ + रूढ़) के योग से बना है।
दशानन, लम्बोदर और त्रिलोचन योगरूढ़ शब्दों के उदाहरण है क्योंकि इनमें दो शब्दों का मेल हुआ है और इनके सांकेतिक अर्थ भी हैं।

## तत्सम शब्द

**46.** तत्सम शब्द "भ्रम" है। भ्रम का तद्भव शब्द "भरम" होता है।
लौंग- तद्भव शब्द है, इसका तत्सम शब्द 'लवंग' होता है। बन- तद्भव, इसका तत्सम 'वन' होता है। लाज- तद्भव, इसका तत्सम 'लज्जा' होता है।

**47.** तत्सम शब्द "अभ्यंतर" है। अभ्यंतर का तद्भव शब्द "भीतर" होता है।
बत्ती, मच्छर, भट्टी- तद्भव शब्द है; वर्तिका, मशक, भ्रष्ट्रिका क्रमशः इनके तत्सम शब्द है।

**48.** 'कोठी' शब्द तत्सम नहीं है। यह तद्भव शब्द है, 'कोष्ठिका' इसका तत्सम रूप है।
कपाट, कुठार और कुष्ठ - तत्सम शब्द है तथा किवाड़, कुल्हाड़ा और कोढ़ क्रमशः इनके तद्भव रूप है।

**49.** 'विवाह' शब्द तत्सम है जिसका तद्भव रूप ब्याह होगा।
'ईख' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम 'इक्षु' है। 'खीर' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम शब्द ' क्षीर' होगा। 'गिद्ध' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम 'गृद्ध' होगा।

**50.** 'बेंत' का तत्सम रूप है- 'वेत्र'। 'बेंत' तद्भव शब्द है।
तत्सम (तत + सम = उसके समान) आधुनिक भारतीय भाषाओं में प्रयुक्त ऐसे शब्द जिनको संस्कृत से बिना कोई रूप बदले ले लिया गया है।
उदाहरण- आम्र, अग्नि, अमूल्य, क्षेत्र, अज्ञान, अन्धकार आदि।

**51.** तत्सम शब्द है- 'आलस्य'। आलस्य का तद्भव रूप 'आलस' है।
अन्य विकल्प-
नारियल का तत्सम शब्द - नारिकेल
उपरोक्त का तत्सम शब्द - उपर्युक्त
तुरंत का तत्सम शब्द - त्वरित

**52.** तत्सम शब्द 'कलश' है। 'कलश' का तद्भव शब्द 'कलसा' होगा 'कलस' नहीं।
जिन शब्दों को संस्कृत से बिना किसी परिवर्तन के ले लिया जाता है, उन्हें तत्सम शब्द कहते हैं। इनमें ध्वनि परिवर्तन नहीं होता है।
उदाहरण - अग्नि, आम्र, अमूल्य, चंद्र, क्षेत्र, अज्ञान, अन्धकार आदि।

**53.** 'पृष्ठ' शब्द तत्सम शब्द है जिसका 'तद्भव' 'पीठ' होगा।
नाच, पत्थर, पंख तद्भव शब्द है। नृत्य, प्रस्तर, पक्ष क्रमशः इनके तत्सम शब्द है।

**54.** 'मेघ' तत्सम शब्द है जिस का तद्भव है 'मेह'।
'ठेस' शब्द देशज है। 'भौंरा' तद्भव शब्द है जिस का तत्सम 'भ्रमर' है। 'जेठ' तद्भव शब्द है जिस का तत्सम 'ज्येष्ठ' है।

**55.** 'द्वितीय' तत्सम शब्द है जिस का तद्भव 'दूजा' है।
अन्य विकल्प-
'धान' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम रूप 'धान्य' है।
'धीरज' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम रूप 'धैर्य' है।
'दाई' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम रूप 'धात्री' है।

**56.** 'अमूल्य' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव रूप 'अमोल' है।
अन्य विकल्प-
'आग' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम शब्द 'अग्नि' है।
'ईख' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम रूप 'इक्षु' है।
'चाँद' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम रूप 'चंद्र' है।

**57.** 'अग्नि' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव शब्द 'आग' होता है।
अन्य विकल्प-
'राय' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम रूप 'राजा' है।
'पंख' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम रूप 'पक्ष' है।
'साईं' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम रूप 'स्वामी' है।

**58.** राय तत्सम शब्द नहीं है, यह तद्भव शब्द है; इसका तत्सम शब्द परामर्श होगा।
'आज्ञा' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव रूप 'आदेश' है। 'सर्व' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव रूप 'सभी' है। 'स्वामी' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव रूप 'साधु' है।

**59.** 'नींबू' शब्द का तत्सम रूप 'निम्बक' है। 'नींबू' तद्भव शब्द है।
'नीम' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम रूप 'निम्ब' है। अन्य शब्द जैसे 'निराला' व 'नीला' शब्द तत्सम की दृष्टि से उचित शब्द नहीं है।
'नीला' एक प्रकार का रंग है तथा 'निराला' का अर्थ 'अद्भुत' होता है।

**60.** 'अदरक' शब्द का का तत्सम रूप 'आर्द्रक' है। 'अदरक' तद्भव शब्द है।
अन्य विकल्प - आर्द्र का अर्थ : गीला या नम। अद्रख और अदरख : यह गलत वर्तनी वाले शब्द है सही शब्द अदरक होगा।

**61.** 'कपूत' तत्सम शब्द नहीं है। कपूत- तद्भव शब्द है, जिसका तत्सम शब्द कुपुत्र होता हैं।
अक्षि, अग्नि, अमूल्य शब्द तत्सम शब्द हैं। अक्षि का तद्भव - आँख, अग्नि का तद्भव - आग, अमूल्य का तद्भव - अमोल

**62.** 'चना' का तत्सम रूप है- 'चणक'। 'चना' तद्भव रूप है।
'चर्चन' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव 'चर्चा' होता है। 'चर्वण' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव 'चवाना' होता है। 'चषक' एक विशेष प्रकार का 'प्याला' होता है जिससे मादक पदार्थ या अन्य द्रवों का सेवन किया जाता है।

**63.** 'जम' का तत्सम शब्द 'यम' है। 'जम' तद्भव शब्द है।
'जामातृ' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव रूप - दामाद, जमाई है। यति का अर्थ- त्यागी, सन्यासी आदि है। जमना का अर्थ- ठोस रूप है।

**64.** 'छाता' तत्सम शब्द 'छत्र' है। 'छाता' तद्भव शब्द है।
अन्य विकल्प- 'छादन' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव 'छाजन' होता है। छप्पर का अर्थ : बाँस, लकड़ी आदि से बनाई गई झोंपड़ी।
छत्रक का अर्थ कुकुरमुत्ता होता है जो कि सीली जगहों पर उगनेवाला एक पौधा है। यह छतरी की तरह दिखता है।

**65.** 'स्वर्ण' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव रूप 'सोना' होता है।
सूरज, सेज, आम- तद्भव शब्द है। सूरज का तत्सम शब्द है - सूर्य। सेज का तत्सम शब्द है- शैय्या। आम का तत्सम शब्द है- आम्र

**66.** 'गोत्र' तत्सम शब्द' है। 'गोत्र' का तद्भव शब्द होगा - 'गोत'।
'गाँव' तद्भव शब्द है, तत्सम 'ग्राम' होगा। 'गाहक' तद्भव शब्द है, तत्सम होगा- 'ग्राहक'। 'गाय' तद्भव शब्द है, तत्सम होगा - 'गौ'।

**67.** पत्थर का तत्सम रूप है - प्रस्तर। पाथर पत्थर शब्द का पर्यायवाची है।
पठार का अर्थ है - दूर तक फैली हुई चौरस और ऊँची ज़मीन।
फत्थर शब्द का कोई अर्थ नहीं है। यह पत्थर शब्द की गलत वर्तनी है।

**68.** यव, जौ का तत्सम शब्द होगा। जव - का कोई अर्थ नहीं है।
ज्वार - के लिए कोई तत्सम शब्द नहीं है। ज्वर का तद्भव रूप है - बुखार।

**69.** 'बिन्दु' शब्द तत्सम है। इसका तद्भव शब्द - 'बून्द' है। अन्य विकल्प:
पत्ता - पत्र , मित्र - मीत, सूरज - सूर्य

Android App Prateek Shivalik

**70.** सूत तद्भव शब्द है, इसका तत्सम शब्द है 'सूत्र' ,सूत का अर्थ - रेशम आदि का बारीक तार, कच्चा धागा।
सुत यह संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ पुत्र होता है।
अन्य विकल्प के सार्थक अर्थ नही निकलते है।

**71.** कर' शब्द तत्सम शब्द का उदाहरण है, क्योंकि 'कर' शब्द संस्कृत भाषा का मूल शब्द है। 'कर' शब्द का अर्थ 'हाथ' होता है।
हाथ - हस्त, हाथी - हस्ति, आँख - अक्ष

**72.** 'मस्तक' एक तत्सम शब्द है जो संस्कृत से ज्यों का त्यों लेकर हिंदी में प्रयोग किया जा रहा है। मस्तक का तद्भव शब्द 'माथा' है।
मिट्टी का तत्सम रूप - मृत्तिका, मुट्ठी का तत्सम - मुष्टि, मिठाई का तत्सम - मिष्ठान्न

**73.** 'यौवन' शब्द तत्सम है। यौवन का तद्भव शब्द जोबन होता है। 'झरना' शब्द का तत्सम शब्द झरण होता है। 'जोगी' शब्द का तत्सम शब्द योगी होता है।'जीभ' शब्द का तत्सम शब्द जिव्हा होता है।

**74.** 'गणना' शब्द तत्सम है। इसका तद्भव 'गिनती' है। अन्य विकल्प: गायक - गवैया, गर्दभ - गधा, ग्रन्थि - गाँठ।

**75.** "पुष्कर" शब्द तत्सम शब्द है क्योंकि यह संस्कृत से ज्यों के त्यों प्रयोग में लिया जा रहा है।
पुष्कर का तद्भव रूप पोखर है। पौष - पूस, पंछी - पक्षी, पका - पक्व।

## तद्भव शब्द

**76.** 'लघु' तद्भव शब्द नहीं है। लघु तत्सम शब्द है, इसका तद्भव 'हल्का' होता है।
'बौना' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम 'वामन' होता है। 'रास' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम 'राशि' होता है। 'अखरोट' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम 'अक्षोट' होता है।

**77.** तद्भव शब्द है- पाँव। 'पाँव' का तत्सम शब्द 'पाद' होता है। 'पत्र' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव रूप 'पत्ता' होता है। 'नग्न' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव रूप 'नंगा' होता है।
'मित्र' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव रूप 'मीत' होता है।

**78.** तद्भव शब्द 'किवाड़' है। 'किवाड़' का तत्सम शब्द 'कपाट' होता है।
अन्य विकल्प - 'कूप' तत्सम शब्द हैं, इसका तद्भव शब्द 'कुआँ' है।

**79.** 'श्मश्रु' शब्द का तद्भव रूप होगा - मूँछ। 'श्मश्रु' शब्द तत्सम है, वहीं मूँछ शब्द तद्भव है।
'अश्रु' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव शब्द 'आँसू' होगा। 'ससुर' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव शब्द 'श्वसुर' होगा।

**80.** 'उजास' शब्द तद्भव है जिसका अर्थ प्रकाश या उजाला होता है। उजास का तत्सम उज्ज्वल है। उल्लास का तद्भव शब्द हुलास होता है। उच्छवास का तद्भव रूप उसास है।

**81.** तद्भव शब्द है - 'मक्खन'। मक्खन का तत्सम शब्द 'मृक्षण' होता है।
'माता' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव शब्द 'माँ' होता है। 'वृश्चिक' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव शब्द 'बिच्छू' होता है। 'पाश' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव शब्द 'फन्दा' होता है।

**82.** 'तद्भव' शब्द है- किसान। किसान शब्द का तत्सम रूप 'कृषक' है।
'अग्नि' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव शब्द 'आग' है।
'आज्ञा' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव शब्द 'आन' है। 'कवि' तत्सम शब्द है।

**83.** 'अंगुष्ठिका' शब्द का शुद्ध तद्भव रूप है - 'अँगूठी'।
अँगूठी - हाथ की उँगलियों में पहनने का एक आभूषण, मुद्रिका, मुंदरी, (रिंग)।
अन्य सभी विकल्प वर्तनी की दृष्टि से अनुचित है।

**84.** 'रक्षा' का तद्भव रूप होगा- 'राखी'। 'रक्षा' शब्द तत्सम शब्द है।
'दीक्षा' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव 'दक्षिणा' होगा। 'राख' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम शब्द 'क्षार' होगा। 'रजत' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव 'चांदी' होगा।

**85.** 'घटिका' शब्द का तद्भव रूप- 'घड़ी'। 'घटिका' तत्सम शब्द है।
'घड़ा' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम शब्द 'घट' है। 'कम' शब्द जिसका अर्थ है- 'अल्प'। जो न तो तत्सम है नहीं इसका तद्भव होगा। 'घंटिका' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव रूप 'घंटी' है।

**86.** 'पटल' का तद्भव रूप 'पलड़ा' होता है। 'पटल' तत्सम शब्द है।
अन्य विकल्प- 'पलंग' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम रूप 'पर्यंक' है। 'पराठा' तद्भव शब्द है,इसका तत्सम शब्द 'पर्पट' होता है। 'पल्ला' तद्भव शब्द है,इसका तत्सम शब्द "पल्लव' होता है।

**87.** 'घट' का तद्भव रूप 'घड़ा' है। 'घट' तत्सम शब्द है।
अन्य विकल्प- घुटना- यह टांग और जंघा को जोड़ने वाला शरीर का अंग है। 'घंटिका' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव रूप 'घड़ी' है। घटना- अचानक होने वाली बात या हादसा।

**88.** तद्भव शब्द 'दही' है। इसका तत्सम शब्द 'दधि' होता है। 'निष्ठुर' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव 'निठुर' होता है। 'पल्लव' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव 'पल्ला' होता है। 'पंक्ति' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव 'पंगत' होता है।

**89.** तद्भव शब्द 'सपना' है। इसका तत्सम शब्द 'स्वप्न' होता है। 'मित्र' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव 'मीत' होता है। 'मत्स्य' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव 'मछली' होता है। 'मस्तक' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव 'माथा' होता है।

**90.** तद्भव शब्द 'आग' है। इसका तत्सम शब्द 'अग्नि' होता है। 'कृष्ण' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव 'कान्हा' होता है। 'अश्रु' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव 'आँसू' होता है।
'कर्तव्य' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव 'करतब' होता है।

**91.** तद्भव शब्द 'पत्थर' है। इसका तत्सम शब्द 'प्रस्तर' होता है।
'पक्ष' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव 'पंख' होता है। 'पंक्ति' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव 'पंगत' होता है। 'पत्र' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव 'पत्ता' होता है।

**92.** 'अग्नि' का तद्भव "आग" होगा। 'अग्नि' तत्सम शब्द है।
अन्य विकल्प- बड़वाग्नि का अर्थ - समुद्र की आग, दावानल का अर्थ - वन की आग, जठराग्नि का अर्थ - पेट की आग

**93.** शुद्ध 'तद्भव-तत्सम' युग्म - "सोंठ-शुष्ठि" है। शेष अन्य विकल्प असंगत है।
'हाथ' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम 'हस्त' है। 'आँख' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम 'अक्षि' है। 'घी' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम 'घृत' है।

**94.** 'गुहा' तद्भव शब्द नहीं है। यह तत्सम शब्द है, इसका तद्भव 'गुफा' होगा। 'गोद' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम 'क्रोड' है। 'गीध' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम 'गृध' है। 'गेंद' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम 'कंदुक' है।

**95.** तद्भव-तत्सम की दृष्टि से 'घात - घाव' युग्म सुमेलित नहीं है।
'घात' शब्द तत्सम है, वहीं 'घाव' शब्द तद्भव है। घात (तत्सम) घाव (तद्भव) क्रम से नहीं है।
अन्य विकल्पों का क्रम सही हैं।

**96.** 'खादन' शब्द तद्भव नहीं है। 'खादन' शब्द तत्सम है, जिसका तद्भव शब्द 'खाना' है।
अन्य विकल्प : 'खाज' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम शब्द 'खर्जू' होता है। 'खाट' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम शब्द 'खटवा' होता है। 'खान' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम शब्द 'खनि' होता है।

**97.** तद्भव-तत्सम की दृष्टि से 'गोपाल - ग्वाल' युग्म सुमेलित नहीं है। अतः सही युग्म होगा- तद्भव शब्द - ग्वाल ; तत्सम शब्द - गोपाल
अन्य विकल्पों का क्रम सही हैं।

**98.** तद्भव - तत्सम का युग्म सुमेलित नहीं है - अणि - अनी। अतः सही सुमेलन है - तद्भव - अनी, तत्सम - अणि
अन्य विकल्पों का सुमेलन सही हैं।

**99.** 'गोधूम' का तद्भव रूप शब्द 'गेहूँ' है। 'गोधूम' तत्सम शब्द है।
अन्य विकल्प- 'धुआँ' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम शब्द 'धूम्र' है। 'गधा' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम शब्द 'गर्दभ' है। 'गाय' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम शब्द 'गौ' है।

**100.** 'कोख' तद्भव शब्द है। 'कोख' शब्द का तत्सम रूप 'कुक्षि' है।
अन्य विकल्प- 'कोण' तत्सम शब्द है जिसका तद्भव रूप 'कोना' होगा। 'कुष्ठ' तत्सम शब्द है जिसका तद्भव रूप 'कोढ़' होगा।'कोकिल' तत्सम शब्द है जिसका तद्भव रूप 'कोयल' होगा।

**101.** तद्भव शब्द का उदाहरण नहीं है - 'नापित'। 'नापित' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव रूप 'नाई' है।
अन्य विकल्प- 'नब्बे' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम शब्द रूप 'नवति' है। 'निगलना' तद्भव शब्द है, इसका शब्द का तत्सम रूप 'निर्गलन' है। नारियल' तद्भव शब्द है, इसका शब्द का तत्सम रूप 'नारिकेल' है।

**102.** 'दाढ़ी' शब्द तद्भव है। दाढ़ी का तत्सम शब्द 'दंष्ट्रिका' होता है।
अन्य विकल्प - 'नग्न' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव रूप 'नंगा' होगा। 'दक्षिण' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव रूप "दाहिना होगा। 'द्राक्षा' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव रूप "दाख होगा।

Android App Prateek Shivalik

**103.** 'अँधेरा' शब्द तद्भव शब्द है। जिसका तत्सम शब्द 'अन्धकार' है।
अन्य विकल्प: अंधकार - अँधेरा, रात्रि - रात, चन्द्र - चाँद

**104.** 'गयंद' शब्द तद्भव है। गयंद का तत्सम शब्द 'गजेंद्र' होता है।
अन्य विकल्प : 'अंगना' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव रूप 'आँगन' होगा। 'अंगी' का अर्थ : शरीरयुक्त। 'वानर' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव रूप 'बन्दर' होगा।

**105.** 'कर्पट' का तद्भव रूप है- 'कपड़ा'। 'कर्पट' का तत्सम शब्द है। अन्य विकल्प - कपाट का तद्भव रूप किवाड़ होता है। कर्पूर का तद्भव रूप कपूर है।

## देशज शब्द

**106.** इनमें से देशज शब्द नहीं है- 'बीबी'। 'बीबी' तुर्की शब्द है।
देशज शब्द है - बीनणी, लुगाई, गजबण

**107.** 'शराब' देशज शब्द है।
आतिशबाजी, आवारा और अफ़सोस फारसी भाषा के शब्द है।

**108.** देशज शब्द है- कटोरा
अन्य विकल्प-
फारसी शब्द- मुफ्त
अरबी शब्द- असर
चीनी शब्द- चाय

**109.** देशज शब्द है- 'खलिहान'
अन्य विकल्प-
फारसी शब्द- जमींदार
अंग्रेज़ी शब्द- मशीन
फ्रेंच शब्द- कारतूस

**110.** 'खिड़की' देशज शब्द है।
अन्य विकल्प-
कीमत - विदेशज शब्द है। कीमत शब्द अरबी भाषा से लिया गया है।
बेटा - तद्भव शब्द है, जिसका तत्सम रूप है - वत्स।
उच्च - तत्सम शब्द है, जिसका तद्भव रूप है - ऊंचा।

**111.** 'झंझट' शब्द देशज शब्द है।
अन्य विकल्प-
चेहरा और पैदावार फारसी भाषा के शब्द है।
फैसला अरबी भाषा का शब्द है।

**112.** झंझट देशज शब्द का सही उत्तर होगा।
हिसाब, इशारा तथा बुखार ये सभी अरबी भाषा के शब्द है, अतः सभी शब्द विदेशी शब्द होगे।

**113.** 'खचाखच' देशज शब्द है।
अन्य विकल्प-
सराय तुर्की भाषा का शब्द है।
आमदनी फारसी भाषा का शब्द है।
ख़राब अरबी भाषा का शब्द है।

**114.** 'खिड़की' देशज शब्द है। आलमारी पुर्तगाली शब्द है। आवाज़ फ़ारसी शब्द है। मशहूर शब्द अरबी भाषा का शब्द है।

**115.** डोंगा देशज शब्द का उदाहरण है।
उम्मीद फारसी भाषा का शब्द है।
फीता पुर्तगाली भाषा का शब्द है।

**116.** 'टेलीफोन' शब्द अंग्रेजी भाषा का शब्द है, इसलिए ये विदेशज शब्द है, अतः यह देशज शब्द नहीं है।
टक्कर, धड़ाम और तोंद - यह तीनों शब्द देशज के उदाहरण है।

**117.** 'रेवड़' देशज शब्द है। कठपुतली और पोटली तद्भव शब्द है। मेला तत्सम शब्द है।

**118.** 'अक्खड़' देशज शब्द है। वे शब्द जिनकी उत्पत्ति के मूल का पता न हो परन्तु वे प्रचलन में हो, ऐसे शब्द देशज शब्द कहलाते हैं।
शकुन, सर्प और क्षण तत्सम शब्द है। सगुन, साँप और छिन क्रमशः तद्भव शब्द है।

**119.** देशज शब्द नहीं है- 'साइकिल'
विदेशज शब्द (अंग्रेज़ी) - 'साइकिल'
देशज शब्द- खटिया, खुरपी, हँसुआ

**120.** देशज शब्द है- 'ठेस'
विदेशज शब्द (फ़ारसी)- बाग, विदेशज शब्द (अरबी) - खत
लेटिन भाषा का शब्द है - प्रगति

**121.** 'डोंगा' एक देशज शब्द है। इलाज अरबी भाषा का शब्द है।
खाल फारसी भाषा का शब्द है।
जेल अंग्रेजी भाषा का शब्द है।

**122.** 'उढरिया' शब्द छत्तीसगढ़ी देशज है। इस शब्द का अर्थ 'प्रेम पलायन' होता है।

**123.** 'खिचड़ी' देशज शब्द है।
तत्सम शब्द : ऐसे शब्द जिन्हें बिना किसी परिवर्तन के संस्कृत से हिन्दी में शामिल कर लिया गए हों। जैसे : आम्र, ऐश्वर्य, षष्ठी आदि।
संकर शब्द : वे शब्द जो दो भाषाओं के शब्दों को मिलाकर बना लिए गए हो। जैसे : रेल + गाड़ी = रेलगाड़ी, इसमें रेल शब्द अंग्रेजी है जबकि गाड़ी शब्द हिन्दी है।
तद्भव शब्द : ऐसे शब्द जो संस्कृत से हिंदी में आने पर उनका रूप बदल गया। जैसे : आग, खीर, छत आदि।

**124.** 'खुसुर-पुसुर' देशज शब्द है।
नोटिस शब्द अंग्रेजी भाषा से आया हुआ शब्द है।
गोभी एक विदेशी शब्द है। यह पुर्तगाली शब्द है।
बहादुर तुर्की भाषा का शब्द है।

**125.** 'कटरा' देशज शब्द है। 'इंच' अंग्रेजी भाषा का शब्द है।
'आतिशबाजी' फारसी भाषा का शब्द है।
'अमीर' अरबी भाषा का शब्द है।

**126.** 'तेंदुआ' शब्द देशज शब्द है।
अफसोस - फारसी शब्द, अपील - अंग्रेजी शब्द , अदा- फारसी शब्द है।

**127.** 'चिड़िया' एक देशज शब्द है।
'आर्डर' अंग्रेज़ी भाषा का शब्द है।
'अजब' अरबी भाषा का शब्द है।
'आबरू' फारसी भाषा का शब्द है।

**128.** 'ठेठ' शब्द देशज शब्द है।
आराम - फारसी शब्द
इण्टर - अंग्रेजी शब्द
अदालत - अरबी शब्द

**129.** 'खिड़की' शब्द देशज शब्द है।
आवारा - फारसी शब्द
असर - अरबी शब्द
कंपनी - लैटिन शब्द

**130.** 'खखरा' देशज शब्द है।
'आसार' अरबी भाषा का शब्द है।
'आवाज' फारसी भाषा का शब्द है।
'कमिश्नर' अंग्रेजी भाषा का शब्द है।

**131.** 'ठुमरी' शब्द देशज है। 'अल्ला' अरबी शब्द है।
'कमीशन' अंग्रेजी शब्द है।
'आफत' फारसी शब्द है।

**132.** 'फुनगी' 'देशज' शब्द है। 'क्वार्टर' अंग्रेजी भाषा का शब्द है।
'इनाम' अरबी भाषा का शब्द है।
'कबूतर' फारसी भाषा का शब्द है।

**133.** 'अदालत' देशज शब्द का उदाहरण नहीं है।
'अदालत' अरबी भाषा का शब्द है।
खाट, पगड़ी, इडली - यह तीनों देशज शब्द के उदाहरण है।

**134.** 'कलाई' देशज शब्द है।
'आदत' अरबी भाषा का शब्द है।
'उम्मीद' फारसी भाषा का शब्द है।
'क्लास' अंग्रेजी भाषा का शब्द है।

**135.** 'टेंटुवा' शब्द देशज है।
'ओखली' का तत्सम शब्द उलूखल है।
'किवाड़' का तत्सम शब्द कपाट है।

## विदेशज शब्द

Android App Prateek Shivalik

**136.** 'सूप' विदेशज है। यह फ्रेंच शब्द है। जिसका अर्थ होता है, एक प्रकार का पेय पदार्थ।
अन्य विकल्प- काज - तद्भव शब्द ; खिचडी - देशज शब्द ; फुनगी - देशज शब्द।

**137.** कुर्सी शब्द विदेशज है। 'कुर्सी' शब्द अरबी भाषा का शब्द है।
ऐसे विदेशी शब्द जो विदेश से आए हैं लेकिन हिंदी भाषा में प्रयोग किए जाते हैं, वह विदेशज शब्द कहलाते हैं। इन्हें विदेशी शब्द भी कहते हैं।
जैसे :- कॉलेज, डॉक्टर, किस्मत, किनारा, स्टेशन इत्यादि।

**138.** किस्सा, स्कूल, हमला विकल्प के सभी शब्द विदेशज हैं।
विदेशज शब्द - अन्य देश की भाषाओं से आए हुए शब्द विदेशज शब्द कहलाते है।
उदाहरण - इलाज, डॉक्टर, इरादा, चश्मा आदि।
किस्सा, हमला अरबी भाषा का शब्द है।
स्कूल अंग्रेजी भाषा का शब्द है।

**139.** औरत शब्द 'विदेशज' है। औरत एक अरबी शब्द है।
पगड़ी एक देशज शब्द है।
विदेशी / विदेशज शब्द:- विदेशी भाषाओं से हिंदी में आये शब्दों को विदेशी शब्द कहा जाता है।
देशज शब्द:- वे शब्द जिनकी उत्पत्ति के मूल का पता न हो परन्तु वे प्रचलन में हों, ऐसे शब्द देशज शब्द कहलाते हैं। ये शब्द आम तौर पर क्षेत्रीय भाषा में प्रयोग किये जाते हैं।

**140.** 'रेडियो' विदेशज शब्द हैं। रेडियो एक अंग्रेजी शब्द है।
विदेशी शब्द :- विदेशी भाषाओं से हिंदी भाषा में आये शब्दों को 'विदेशी शब्द' कहते है। जैसे- अदालत, ऑफिसर, बुखार, हज़म, रेडियो आदि।
देशज शब्द :- ऐसे शब्द जो देश की अन्य या क्षेत्रीय भाषा से हिंदी में सम्मिलित हुए । जैसे- थैला, लोटा, टाँग, पगड़ी आदि।

**141.** 'मोर्चा' विदेशज शब्द है। मोर्चा शब्द फारसी भाषा से लिया गया है।
ऐसे शब्द जो विदेशों से लिए गए है और इन शब्दों का प्रयोग हिन्दी भाषा में बहुतायत से किया जाता है, विदेशज शब्द कहलाते हैं।
विदेशी शब्द अरबी, फारसी, तुर्की, अंग्रेजी इत्यादि भाषाओं से लिए गए है।
जैसे - डॉक्टर, चश्मा, फ़कीर आदि।

**142.** 'लंगड़ा' विदेशज शब्द नहीं है। यह देशज शब्द है।
साँप, तनखा और बागिन शब्द विदेशज है।

**143.** 'तुरुप' शब्द विदेशज शब्द है।
खेखरीं शब्द देशज शब्द है जिसका अर्थ सियार होता है।
मनुष्य और ग्राम शब्द तत्सम हैं जिनका क्रमश: तद्भव शब्द - मनखे और गाँ होगा।
विदेशज शब्द - अन्य देश की भाषा से आए हुए शब्द जो हिंदी भाषा में सम्मिलित हुए उन्हें विदेशज शब्द कहते हैं।
इन विदेशी भाषाओं में मुख्यतः अरबी, फारसी, तुर्की, उर्दू, अंग्रेजी व पुर्तगाली शामिल हैं।

**144.** कम्पनी विदेशज शब्द है।
काया - तत्सम शब्द
ठुमरी - देशज शब्द
औजार - तत्सम शब्द

**145.** जगमग देशज शब्द है।
फ़क़ीर, ईमारत और नतीजा शब्द अरबी भाषा के हैं।
विदेशज शब्द:- जो शब्द अन्य देशों से आये है उन्हें हम विदेशी शब्द कहते है। जैसे:- कमीशन ,अखबार ,कैंची ,चाय आदि।

**146.** 'तरक्की' शब्द अरबी भाषा से लिया हुआ शब्द है, इसलिए यह विदेशज शब्द है।
डोंगा, तेंदुआ, कलाई ये तीनों देशज शब्द के उदाहरण है।
विदेशज/आगत/विदेशी शब्द:- अन्य देश की भाषा से आये हुए शब्द जो हिंदी भाषा में सम्मिलित हुए। इन विदेशी भाषाओं में मुख्यतः अरबी, फारसी, तुर्की, उर्दू, अंग्रेजी व पुर्तगाली शामिल है।

**147.** 'चश्मा' शब्द विदेशी/विदेशज है। चश्मा का अर्थ है - ऐनक।
जीभ तद्भव शब्द है।
वायु तत्सम शब्द है।
जूता देशज शब्द है।
विदेशज/ आगत/ विदेशी शब्द:- अन्य देश की भाषा से आये हुए शब्द जो हिंदी भाषा में सम्मिलित हुए। इन विदेशी भाषाओं में मुख्यतः अरबी, फारसी, तुर्की, उर्दू, अंग्रेजी व पुर्तगाली शामिल हैं।

**148.** 'जूता' शब्द देशज है।
कैम्प अंग्रेजी शब्द है। आईना फारसी शब्द है। आदमी अरबी शब्द है।
ऐसे शब्द जो देश की अन्य या क्षेत्रीय भाषा से हिंदी में सम्मिलित हुए । जैसे – थैला, लोटा, टाँग, पगड़ी आदि।

**149.** 'उम्मीद' एक विदेशज शब्द हैं। उम्मीद शब्द फारसी भाषा से लिया गया है। जगमग का अर्थ चमकदार, चिड़िया एक पक्षी है, फुनगी का अर्थ - पेड़ की शाखा का अग्र भाग।

**150.** 'जेल' अंग्रेजी भाषा का शब्द है। अन्य विकल्प देशज शब्द हैं।
विदेशज शब्द:- वे शब्द जो विभिन्न विदेशी भाषाओं से हिंदी में लिए जाते हैं, वे विदेशज शब्द कहलाते हैं।
देशज शब्द:- वे शब्द जो क्षेत्रीय भाषा में प्रयुक्त होते है तथा ये देश की विभिन्न बोलियों से लिए जाते है, वे शब्द देशज शब्द कहलाते है। इन्हें आवश्यकता अनुसार उपयोग किया जाता है और ये बाद में प्रचलन में आकर हमारी भाषा का हिस्सा बन जाते हैं।

**151.** 'गवाह' विदेशज शब्द हैं। 'गवाह' फारसी भाषा का शब्द है।
चसक, लोटा और पगड़ी देशज शब्द हैं।
देशज शब्द- ऐसे शब्द जो देश की अन्य या क्षेत्रीय भाषा से हिंदी में सम्मिलित हुए। जैसे- थैला, लोटा, पगड़ी आदि।
विदेशज/ आगत/ विदेशी शब्द:- अन्य देश की भाषा से आये हुए शब्द जो हिंदी भाषा में सम्मिलित हुए। इन विदेशी भाषाओं में मुख्यतः अरबी, फारसी, तुर्की, उर्दू, अंग्रेजी व पुर्तगाली शामिल हैं।जैसे - अदालत, ऑफिसर आदि।

**152.** गवाह, खुशबू और खूब शब्द फ़ारसी भाषा के हैं।
देशज शब्द- ऐसे शब्द जो देश की अन्य या क्षेत्रीय भाषा से हिंदी में सम्मिलित हुए ।
जैसे – थैला, लोटा, टाँग, पगड़ी आदि।
विदेशज/ आगत/ विदेशी शब्द- अन्य देश की भाषा से आये हुए शब्द जो हिंदी भाषा में सम्मिलित हुए। इन विदेशी भाषाओं में मुख्यतः अरबी, फारसी, तुर्की, उर्दू, अंग्रेजी व पुर्तगाली शामिल हैं। जैसे - अदालत, ऑफिसर, बुखार, हज़म आदि।

**153.** 'ट्यूशन' विदेशज शब्द हैं। ट्यूशन शब्द अंग्रेजी भाषा से लिया गया है।
लात, चटपट, टोटी यह सभी शब्द देशज शब्द के उदाहरण है।

**154.** 'उपरोक्त सभी' विदेशज शब्द हैं।
कमल, मौलवी, जनाब अरबी भाषा के शब्द हैं।
विदेशज/ आगत/ विदेशी शब्द:- अन्य देश की भाषा से आये हुए शब्द जो हिंदी भाषा में सम्मिलित हुए। इन विदेशी भाषाओं में मुख्यतः अरबी, फारसी, तुर्की, उर्दू, अंग्रेजी व पुर्तगाली शामिल हैं।

**155.** 'मोर्चा' विदेशज शब्द हैं। अन्य विकल्पों के शब्द देशज हैं।
विदेशज/ आगत/ विदेशी :- अन्य देश की भाषा से आये हुए शब्द जो हिंदी भाषा में सम्मिलित हुए। इन विदेशी भाषाओं में मुख्यतः अरबी, फारसी, तुर्की, उर्दू, अंग्रेजी व पुर्तगाली शामिल हैं।
मोर्चा फ़ारसी भाषा का शब्द है।

**156.** 'सूप' विदेशज शब्द है। "सूप" फ्रेंच शब्द है, जिसका अर्थ होता है एक प्रकार का पेय पदार्थ।
अन्य विकल्प तद्भव शब्द हैं।
विदेशज शब्द - जो शब्द विदेशी भाषा के हैं, परंतु हिंदी में उन शब्दों का बहुत प्रचलन होता है। विदेशी शब्द हिंदी भाषा में इस प्रकार सम्मिलित हो गए है कि उनको पहचानना मुश्किल है। इन विदेशी भाषाओं में मुख्यतः अरबी, फारसी, तुर्की, अंग्रेजी व पुर्तगाली से लिए गए शब्द शामिल है।

**157.** 'बाल्टी' विदेशज शब्द हैं। 'बाल्टी' पुर्तगाली शब्द हैं।
अन्य विकल्पों के शब्द देशज हैं।
देशज शब्द - वे शब्द जो क्षेत्रीय भाषा में प्रयुक्त होते है तथा ये देश की विभिन्न बोलियों से लिए जाते है।
विदेशज शब्द - जो शब्द विदेशी भाषा के हैं, परंतु हिंदी में उन शब्दों का बहुत प्रचलन होता है। इन विदेशी भाषाओं में मुख्यतः अरबी, फारसी, तुर्की, अंग्रेजी व पुर्तगाली से लिए गए शब्द शामिल है।

**158.** 'डाँडी' विदेशज शब्द हैं। डाँडी (तिबत्ती शब्द ) जिसका अर्थ होता है- 'पतली लंबी लकड़ी'
अन्य विकल्पों के शब्द देशज हैं।
विदेशज शब्द - जो शब्द विदेशी भाषा के हैं, परंतु हिंदी में उन शब्दों का बहुत प्रचलन होता है। विदेशी शब्द हिंदी भाषा में इस प्रकार सम्मिलित हो गए है कि उनको पहचानना मुश्किल है। इन विदेशी भाषाओं में मुख्यतः अरबी, फारसी, तुर्की, अंग्रेजी व पुर्तगाली से लिए गए शब्द शामिल है।

Android App Prateek Shivalik

**159.** 'तजुर्बा' विदेशज शब्द हैं। तजुर्बा (अरबी शब्द ) जिसका अर्थ होता है "अनुभव"।
खिचड़ी, खिड़की और कपास देशज शब्द हैं।
विदेशज शब्द:- विदेशी भाषाओं के वो शब्द जो हिंदी में प्रचलित हो गए हैं, उन्हें विदेशज शब्द कहते हैं। इनका मूल कोई विदेशी भाषा होती है।

**160.** विदेशज शब्द नहीं हैं - 'फुनगी'। 'फुनगी' देशज शब्द है।
'तलाश' शब्द तुर्की भाषा से लिया गया है।
'तौलिया' शब्द पुर्तगाली भाषा से लिया गया है।
'पटाखा' शब्द चीनी भाषा से लिया गया है।

**161.** 'आलपिन' विदेशज पुर्तगाली शब्द है। काका, बाबा, डकार देशज शब्द हैं।

**162.** 'इनाम' विदेशज शब्द है जो की अरबी भाषा से आया है, जिसका अर्थ पुरुस्कार है।
आश्रय तत्सम शब्द है जिसका तद्भव शब्द आसरा है।
हड्डी शब्द तद्भव है जिसका तत्सम अस्थि है।
ओखली शब्द भी तद्भव है जिसका तत्सम शब्द है उलूखल।

**163.** विदेशज शब्द 'कमीशन' है। जो अंग्रेजी भाषा से आया है।
'झुग्गी', 'काका' और 'खटपट' देशज शब्द हैं।
अंग्रेजी भाषा से आये विदेशज शब्द:- अफसर, इंजन, डॉक्टर, लालटेन, सिलेट, अस्पताल, टिकस, कप्तान, थेटर/ठेठर, तारपीन, बोतल, मील, अपील, आर्डर, इंच, इंटर, इयरिंग, एजेंसी, कंपनी, कमीशन, कमिश्नर, कैम्प, क्लास, क्वार्टर, क्रिकेट आदि।

**164.** 'थर्मामीटर' एक विदेशज शब्द हैं। थर्मामीटर शब्द अंग्रेजी भाषा से लिया गया है।
झिलमिल, टक्कर, तोंद - यह तीनों देशज शब्दों के उदाहरण है।

**165.** 'किस्मत' अरबी शब्द है।
हिन्दी में विदेशज शब्द दो प्रकार के होते हैं – मुस्लिम शासन के प्रभाव (अरबी-फ़ारसी के शब्द) से आए तथा ब्रिटिश शासन के प्रभाव से आए (अंग्रेज़ी आदि के शब्द)।
आम एक तद्भव शब्द है जिसका तत्सम 'आम्र' है, कटोरा एक देशज शब्द है तथा पर्यक एक तत्सम शब्द है जिसका तद्भव है 'पलंग'।

Android App Prateek Shivalik

# शब्दावली

## अनेकार्थक शब्द

**1.** निम्नलिखित में से अनेकार्थी शब्द नहीं है?
A) अंग B) पात्र
C) सोम D) रात्रि

**2.** 'अरुण' का अर्थ नहीं होता है-
A) लाल B) प्रभात
C) सूर्य D) सोना

**3.** कौनसा शब्द 'पतंग' का अर्थबोधक नहीं है?
A) आकाश B) पक्षी
C) सूर्य D) शलभ

**4.** 'अज' का अर्थ नहीं है-
A) ब्रह्मा B) विष्णु
C) शिव D) सर्प

**5.** 'शुद्ध' का अनेकार्थक नहीं है-
A) पवित्र B) जिसमें मिलावट न हो
C) ठीक D) मंगल

**6.** निम्नलिखित में 'भारी' अर्थ को प्रकट करने वाला शब्द है -
A) मोती B) रत्न
C) नक्षत्र D) गुरु

**7.** 'कनक' के अनेकार्थक को प्रकट करने वाला शब्द नहीं है -
A) किरण B) धतूरा
C) सोना D) गेहूँ

**8.** निम्नलिखित में से 'गो' का अनेकार्थक शब्द समूह है-
A) वेद, शंख, समुद्र B) श्रेष्ठ, भार, शिक्षक
C) स्वर्ण, जल, पारा D) स्वर्ग, सूर्य, बैल

**9.** किस अनेकार्थक शब्द के सभी अर्थ सही हैं?
A) अलि- भौंरा, मदिरा, कुत्ता। B) कंटक- घड़ियाल, किरण, सूँड़।
C) चोटी- शिखर, शशि, कपूर। D) तीर- बाण, पूज्य, तप्त।

**10.** 'चपला' शब्द का अर्थ समूह है -
A) चंचल, पारा, जीभ B) शंख, मछली, चन्द्रमा
C) स्त्री, बिजली, लक्ष्मी D) आत्मा, आकाश, मोक्ष

**11.** 'खंड' का एक अर्थ है-
A) कलह B) काँख
C) दिशा D) काँसा

**12.** 'तंत्र' का एक अर्थ है-
A) पाला B) तम
C) सेना D) तारा

**13.** 'कुमार' का एक अर्थ है-
A) प्रभाव B) हीरा
C) तोता D) गौतम

**14.** यह शब्द अनेकार्थी है
A) कर B) भ्रमर
C) प्रतिश्रुति D) दैनन्दिन

**15.** अनेकार्थी 'अज' का अर्थ नहीं होता -
A) विष्णु B) शिव
C) मेढ़ा D) घोड़ा

**16.** निम्नलिखित में से दिए गए शब्द के अर्थ विकल्पों में दिए गए हैं। इनमें से कोई एक विकल्प गलत है। आपको गलत विकल्प अर्थात् जो सम्बन्धित शब्द का अर्थ नहीं है, का चयन करना है।
"नागर"
A) चंद्रमा B) चतुर
C) नागरमोथा D) सोंठ

**17.** निम्न में कौन सा शब्द अनेकार्थी है?
A) अर्थ B) अनुरोध
C) अपराध D) अधिक

**18.** 'जलज' के अर्थ हैं:
A) जल में उत्पन्न-कमल B) मछली, चंद्रमा
C) शंख, मोती D) उक्त सभी

**19.** इनमें से कौन-सा शब्द 'अब्द' शब्द का अर्थ नहीं है?
A) आकाश B) साल
C) बादल D) वाटिका

**20.** इनमें से कौन-सा शब्द 'उद्योग' का अनेकार्थी शब्द है?
A) साधारण B) सरल
C) रोजगार D) कारखाना

**21.** इनमें से कौन-सा शब्द 'परिकर' का अनेकार्थी नहीं है?
A) कमरबंद B) परिवार
C) समूह D) क्षत्रिय

**22.** इनमें से कौन-सा शब्द 'मत्सर' शब्द का अनेकार्थी रूप नहीं है?
A) राग B) ईर्ष्या
C) द्वेष D) क्रोध

**23.** इनमें से कौन-सा शब्द 'अलि' शब्द का अर्थ नहीं है?
A) सहेली B) सखी
C) भ्रमर D) गले का आभूषण

**24.** इनमें से कौन-सा शब्द 'बल' शब्द का अर्थ नहीं है?
A) सामर्थ्य B) मस्ती
C) शक्ति D) जोर

**25.** 'पक्ष' शब्द किस अर्थ का वाचक नहीं है?
A) पार्श्व B) पखवाड़ा
C) पंख D) पखेरू

**26.** इनमें से कौन-सा शब्द 'खराबी' शब्द का अर्थ नहीं है?
A) दोष B) अवगुण
C) नकली D) विकार

**27.** मशीन, आराम, आज से पिछला दिन, आज से अगला दिन, आदि किसके अनेकार्थी हैं?
A) समूह B) असली
C) हिस्सा D) कल

**28.** पर्वत, रत्न विशेष, सूर्य, सर्प, वृक्ष किस अनेकार्थी के अर्थ हैं-
A) गिरि B) नग
C) भास्कर D) सारंग

**29.** 'ग्रहण' शब्द का अर्थ नहीं है :
A) अर्थबोध B) राहुकौशल
C) स्वीकार D) पकड़ लेना

**30.** 'नकुल' शब्द का अर्थ नहीं है :
A) कुलरहित B) शिव
C) नेवला D) कौन्तेय

**31.** 'अंतर' शब्द का अर्थ नहीं है:
A) अवकाश B) भिन्न
C) हृदय D) विवाह

**32.** 'आब' शब्द का अर्थ नहीं है:

Android App Prateek Shivalik

A) पानी
B) कांति
C) प्रतिष्ठा
D) शंख

**33.** 'टीका' शब्द का अर्थ नहीं है :
A) सिर का एक आभूषण
B) आलोचक
C) व्याख्या
D) राजतिलक

**34.** अनेकार्थक शब्द 'कोटि' का सही अर्थ व्यक्त करने वाला इनमें से सही शब्द है -
A) अद्भुत
B) कमर
C) श्रेणी
D) उरु

**35.** अनेकार्थक शब्द 'गुण' का इनमें से एक अर्थ है -
A) धतूरा
B) शंख
C) सम्प्रदाय
D) रस्सी

**36.** अनेकार्थी शब्द 'अक्षर' का इनमें से एक अर्थ **नहीं** है
A) अविनाशी
B) मोक्ष
C) वर्ण
D) अंक

**37.** किस विकल्प में कोई भी शब्द अनेकार्थक शब्द 'अर्क' का अर्थबोधक नहीं है?
A) सूर्य, मदार
B) इंद्र, अग्नि
C) स्फटिक, प्रकाश किरण
D) कामदेव, घी

**38.** निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शब्द अनेकार्थी नहीं है?
A) कनक
B) जलज
C) वर्जित
D) पयोधर

**39.** निम्नलिखित में से अनेकार्थी शब्द कौन-सा है?
A) अपराध
B) पत्नी
C) पुरुष
D) महावीर

**40.** निम्न विकल्पों में से उस विकल्प को चुनिए जो दिए गए शब्द के सही अनेकार्थी रूप वाला विकल्प नहीं है।
पृष्ट
A) पीठ
B) पीछे का भाग
C) किताब
D) पेज

**41.** 'कीर' शब्द का अर्थ है:
A) कील
B) कीड़ा
C) तोता
D) हाथी

**42.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से एक शब्द दिए गए अनेकार्थी शब्द का एक अर्थ है। उस शब्द को चुनें।
मुद्रा
A) रूप
B) भाग
C) पर्वत
D) गोद

**43.** निम्न विकल्पों में से उस विकल्प को चुनिए जो दिए गए शब्द के सही अनेकार्थी रूप वाला विकल्प नहीं हैं।
क्षेत्र
A) देह
B) तीर्थ
C) खेत
D) बाग

**44.** निम्न विकल्पों में से उस विकल्प को चुनिए जो दिए गए शब्द के सही अनेकार्थी रूप वाला विकल्प नहीं है।
फल
A) मेवा
B) मंगल
C) लाभ
D) नतीजा

**45.** निम्न विकल्पों में से उस विकल्प को चुनिए जो दिए गए शब्द के सही अनेकार्थी रूप वाला विकल्प नहीं है।
मधु
A) शहद
B) एक दैत्य
C) वसंत
D) मेवा

**46.** अनेकार्थक शब्द 'आराम' का इनमें से एक अर्थ है
A) सरोवर
B) बगीचा
C) समीर
D) लहर

**47.** "क्षमा" का अर्थ माफी होता है। क्षमा का अन्य अर्थ ________ होता है।
A) पृथ्वी
B) बादल
C) जोड़
D) अमृत

**48.** "यवन सैनिक घोड़े पर बैठकर आया; पर किले का दरवाजा बंद था। जैसे ही उसने दरवाजा खटखटाया, चिड़िया पर फडफडाकर उड़ गई।" उपर्युक्त वाक्यों में प्रयुक्त 'पर' शब्द के अर्थों का सही क्रम है
A) किन्तु, ऊपर, पक्षी
B) ऊपर, पंख, किन्तु
C) पंख, ऊपर, किन्तु
D) ऊपर, किन्तु, पंख

**49.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द अनेकार्थी नहीं है?
A) आयु
B) अंक
C) मान
D) पत्र

**50.** दैवज्ञ का अर्थ है:
A) देवता
B) ज्योतिषी
C) किन्नर
D) गंधर्व

**51.** 'ईशान' शब्द अर्थ में भी प्रयुक्त होता है-
A) वासना
B) दृष्टि
C) चाह
D) दीप्ति

**52.** 'खाट, स्त्री, अटारी' के लिए कौन-सा अनेकार्थी शब्द उचित है?
A) तमचर
B) तल्प
C) पाश
D) फन

**53.** 'परिहास, खेल, पृथ्वी' के लिए कौन-सा अनेकार्थी शब्द उचित है?
A) कल्प
B) केलि
C) कबंध
D) कंबु

**54.** 'कंगन, मंगलसूत्र, विवाहसूत्र' के लिए कौन-सा अनेकार्थी शब्द उचित है?
A) कंटक
B) कंकण
C) कटाक्ष
D) कैरव

**55.** 'पक्षी, शूद्र, घर' के लिए कौन-सा अनेकार्थी शब्द उचित है?
A) केतु
B) कुंद
C) ओक
D) कंक

**56.** 'शोकरहित, एक वृक्ष, मगधराज' के लिए कौन-सा अनेकार्थी शब्द उचित है?
A) अशोक
B) आभीर
C) अगज
D) इंगित

**57.** '**निवास**, **बस्ती**, **पड़ोसी**' के लिए कौन-सा अनेकार्थी शब्द उचित है?
A) अपाय
B) अयोनि
C) अभिनिवेश
D) अधिवास

**58.** '**अंजन**' का अनेकार्थी शब्द समूह है।
A) काजल, रात, माया
B) अपाहिज, नेत्रों के कोने, तिलक
C) नेत्रों के कोने, तिलक, माया
D) अपाहिज, नेत्रों के कोने, काजल

**59.** '**प्रभाव**' का अनेकार्थी शब्द समूह है।
A) असर, महिमा, दबाव
B) शहद, शराब, वसन्तऋतु
C) शराब, वसन्तऋतु, दबाव
D) शहद, शराब, असर

**60.** 'सारांश, अन्तिम, परिणाम' के लिए कौन-सा अनेकार्थी शब्द उचित है?
A) जवान
B) गिरा
C) कुल
D) निष्कर्ष

## पर्यायवाची शब्द

**61.** द्रौपदी का पर्यायवाची नहीं है-
A) याज्ञसेनी
B) सैरन्ध्री
C) पांचालिका
D) कृष्णा

**62.** 'गाय' का पर्यायवाची शब्द नहीं है-
A) मंदार
B) सुरभि
C) धेनु
D) गौ

**63.** इनमें से कौन-सा शब्द 'बादल' का पर्याय नहीं है?

A) अभ्र B) पयोधर
C) घट D) अम्बुद

**64.** 'पानी' का पर्याय नहीं है-
A) अंबु B) द्रव
C) जीवन D) सलिल

**65.** मीनाक्षी का पर्यायवाची शब्द है
A) सुंदरी B) दुर्गा
C) मछली D) लक्ष्मी

**66.** 'वृक्ष' शब्द का पर्यायवाची निम्नलिखित में से कौन-सा **नहीं** है?
A) किसलय B) तरु
C) विटप D) पादप

**67.** निम्न में वायु का पर्यायवाची शब्द है:
A) समीर B) अनल
C) अम्बर D) बादल

**68.** निम्नलिखित में से 'अजर' का पर्यायवाची शब्द कौन-सा है?
A) दैत्य B) दानव
C) किन्नर D) सुर

**69.** 'गवेषणा' शब्द निम्नलिखित में से किसका पर्यायवाची है?
A) दर्प B) तृष्णा
C) गर्व D) खोज

**70.** 'सेना' का पर्यायवाची नहीं है-
A) चमू B) अनीकिनी
C) अनीक D) परिमल

**71.** 'शशक' का पर्यायवाची शब्द है-
A) चंद्रमा B) शिशु
C) खरगोश D) मृग

**72.** इनमें एक शब्द 'वात' का पर्यायवाची शब्द नहीं है-
A) प्रकम्पन B) मारुति
C) हुताशन D) अनिल

**73.** 'जनार्दन' किसका पर्यायवाची है?
A) राम B) कृष्ण
C) विष्णु D) ब्रह्मा

**74.** '**गाछ**' का पर्यायवाची शब्द है-
A) विटप B) प्रसून
C) सुमन D) हेरम्ब

**75.** ऐश्वर्य का पर्यायवाची शब्द है :
A) विलास B) एकत्व
C) वैभव D) सुंदर

**76.** 'दर्प' का पर्यायवाची है-
A) तिरस्कार B) अहंकार
C) गर्व D) स्वाभिमान

**77.** 'किरण' का पर्यायवाची शब्द नहीं है-
A) रश्मि B) अंशु
C) कर D) पुलिन

**78.** 'त्वचा' का पर्यायवाची शब्द कौन-सा है?
A) भूख B) शरीर
C) चमड़ी D) बाल

**79.** जुगुप्सा का पर्यायवाची है-
A) घृणा B) मीठा
C) तीखा D) पसंदीदा

**80.** निम्नलिखित शब्द का पर्यायवाची नहीं है, ज्ञात कीजिए।
अकिंचन
A) गरीब B) दीनहीन
C) दरिद्र D) भिन्न

**81.** दिए गए शब्दों में से 'इंद्र' का पर्याय नहीं है।
A) शक्र B) शचीपति
C) तारकेश D) सुरेश

**82.** निम्न में कौन-सा 'घर' का पर्यायवाची नहीं है ?
A) निलय B) निकेतन
C) पुष्कर D) सदन

**83.** कुबेर शब्द का पर्यायवाची नहीं है
A) किन्नरेश B) यक्षराज
C) मरीचि D) राजराज

**84.** कौन-सा शब्द 'चाँदी' का पर्याय नहीं है ?
A) रौप्य B) हिरण्य
C) रजत D) रूपक

**85.** 'कुसुम' का पर्यायवाची शब्द नहीं है
A) कमल B) फूल
C) पुष्प D) प्रसून

**86.** 'मोर' का पर्यायवाची नहीं है-
A) केसरी B) सारंग
C) मयूर D) केकी

**87.** निम्नलिखित विकल्पों में से एक शब्द 'नृपति' का समानार्थी नहीं है, उसे छँटिए :
A) नृसिंह B) भूपति
C) राजा D) नरेश

**88.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'कपड़ा' का पर्यायवाची शब्द **नहीं** है?
A) अंबर, वेशभूषा B) परिधान, लिबास
C) आच्छादन, पोशाक D) परवश, उपवस्त्र

**89.** 'कोविद' का पर्यायवाची शब्द **नही** है-
A) विचक्षण B) विधाता
C) विद्वान D) मनीषी

**90.** निम्नलिखित प्रश्न में ,चार विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द का समानार्थी शब्द नहीं है।
दिल्लगी -
A) परिहास B) तरफ
C) मज़ाक D) ठिठोली

**91.** 'तीर' शब्द का पर्यायवाची है:
A) तार B) टुकड़ा
C) शर D) सिर

**92.** इनमें से नौकर का पर्यायवाची शब्द है-
A) जायाजीव B) नृत
C) बरेठा D) भृत्य

**93.** इनमें से कौन-सा शब्द नदी का पर्यायवाची नहीं है-
A) आपगा B) आपदा
C) सरिता D) सरि

**94.** 'हेरम्ब' का पर्यायवाची शब्द है -
A) विष्णु B) गणेश
C) महेश D) ब्रह्मा

**95.** 'राकापति' किस शब्द का पर्यायवाची है?
A) रात्रि B) दैत्य
C) इंद्र D) चंद्र

**96.** 'यातुधान' का पर्यायवाची शब्द है -
A) राक्षस B) सूर्य
C) इंद्र D) धरती

**97.** इनमे से कौन 'मेहमान' का पर्यायवाची नहीं है?
A) अतिथि B) अभ्यागत
C) आगंतुक D) पाहन

**98.** इनमें से कौन 'गंगा' शब्द का पर्यायवाची नहीं है-

Android App Prateek Shivalik

A) जाह्नवी B) त्रिपथगा
C) सुभद्रा D) मंदाकिनी

**99.** 'अग्नि' का पर्यायवाची शब्द है-
A) द्युति B) अमिय
C) वैश्वानर D) अनिल

**100.** मृगेन्द्र का पर्यायवाची शब्द है-
A) हिरन B) शार्दूल
C) अहि D) कुरंग

**101.** 'पाणि' का समानार्थी पद है-
A) मुख B) कर
C) पद D) स्कन्ध

**102.** 'कालिंदी' शब्द पर्यायवाची है-
A) मुनि B) लहर
C) यमुना D) मेधावी

**103.** अरण्य का पर्यायवाची शब्द है-
A) कानन B) वाटिका
C) बाग D) उपवन

**104.** 'अवहेलना' शब्द का पर्यायवाची कौन-सा शब्द नहीं है?
A) अपमान B) अनादर
C) मद D) तिरस्कार

**105.** 'अभिजात' का पर्यायवाची है-
A) आल B) उपयुक्त
C) उत्तमाँ D) संभ्रांत

**106.** 'राजा' का पर्यायवाची बताइए।
A) भूप B) नीर
C) व्योम D) सुधाकर

**107.** निम्नलिखित विकल्पों में से 'अनुमान' का सही समानार्थी शब्द बताइए।
A) प्राक्कलन B) अटकलबज़ी
C) परिकल्पना D) मानना

**108.** 'बेसुध' का पर्यायवाची है-
A) संज्ञाहीन B) जरा
C) कत्तरि D) व्याध

**109.** निम्नलिखित में 'अश्व' का पर्यायवाची नहीं है :
A) वाजि B) तुरंग
C) करवाल D) घोड़ा

**110.** 'सागर' का समानार्थी शब्द नही है :
A) पयोधि B) जलधर
C) पयोनिधि D) रत्नाकर

**111.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'पक्षी' शब्द का पर्यायवाची नहीं है?
A) वल्ली B) खेचर
C) शकुंत D) विहंग

**112.** 'शचीपति' पर्याय है-
A) इंद्र B) शिव
C) कृष्ण D) गणपति

**113.** 'कायरता' का पर्याय निम्न में से है-
A) आतुरता B) भीरुता
C) साहस D) कृतज्ञता

**114.** 'कुकाल' का पर्याय निम्न में से हैं-
A) कंगाल B) मृत्यु
C) समय D) दुर्भिक्ष

**115.** 'सतर्क' का पर्याय निम्न में से होगा-
A) चौकन्ना B) अधम
C) बुद्धिमान D) क्षुब्ध

**116.** निम्न में से 'खंड' का पर्याय है-
A) अंदेशा B) क्षेत्र
C) पाती D) अंश

**117.** 'पिता' का पर्याय निम्न में से नहीं है-
A) जनक B) जनयिता
C) अम्बा D) अब्बा

**118.** 'मल्लाह' का पर्याय निम्न में से है-
A) खेवट B) आतुर
C) कृषक D) अज्ञात

**119.** 'अविनाशी' का पर्याय है-
A) अनित्य B) प्राचीन
C) सत्यानाशी D) सनातन

**120.** दिए गए शब्द का पर्यायवाची शब्द ज्ञात कीजिए।
मेघ
A) कुंभ B) वारिद
C) मदकल D) सहचर

**121.** कौन-सा शब्द 'सूर्य' का पर्यायवाची नहीं है?
A) रवि B) दिनकर
C) दिवाकर D) शशि

**122.** 'अमृत' का पर्यायवाची निम्न में से कौन-सा नहीं है?
A) शशि B) सुधा
C) पीयूष D) अमिय

**123.** 'आकाश' का पर्यायवाची __________ नहीं है।
A) गगन B) नभ
C) व्योम D) जलज

**124.** दिए गए शब्द का पर्यायवाची शब्द ज्ञात कीजिए।
चतुर
A) कमनीय B) निपुण
C) सारंग D) मृगांक

**125.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'बिजली' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?
A) दामिनी B) चंचला
C) चपला D) सरिता

**126.** 'तुरंग' शब्द का अर्थ होता है :
A) तरंग B) घोड़ा
C) पानी D) हाथी

**127.** निम्न में से कौन-सा शब्द 'मक्खन' का पर्यायवाची है?
A) अवनीत B) परिनीत
C) नवनीत D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**128.** निम्नलिखित में से कौन सा 'पृथ्वी' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?
A) धरा B) अचला
C) सुधाकर D) धरती

**129.** निम्नलिखित में से कौन सा 'कोयल' शब्द का पर्यायवाची नहीं है?
A) पिक B) परभृत
C) कोकिल D) वल्ली

**130.** निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'त्र्यंबक' का पर्यायवाची नहीं है?
A) त्रिलोक B) त्रिदृश
C) त्रिचक्षु D) विरूपाक्ष

## विपरीतार्थक शब्द

**131.** किस विकल्प में सही विलोम-युग्म है?
A) निषिद्ध - तुच्छ B) कर्कश - खुरखुरा
C) जोड़ - मेल D) दीर्घकाय - कृशकाय

**132.** विलोम शब्द का कौन-सा युग्म सही है?
A) गमन - प्रस्थान B) अनुरक्ति - विगत
C) कपटी - निष्कपट D) आरोह - आरोही

Android App Prateek Shivalik

**133.** 'उन्मुख' का विलोम शब्द होगा:
A) मुख B) विमुख
C) प्रमुख D) सम्मुख

**134.** किस विकल्प में सही विलोम-युग्म है?
A) अनादर - निरादर B) अनूठा - बेजोड़
C) इशारा - सैन D) गौरव - लाघव

**135.** इनमें से '**उत्थान**' का विलोम शब्द क्या है?
A) गृहस्थ B) पतन
C) आरोह D) ऐक्य

**136.** दिए गए विकल्पों में से 'आवाहन' का विलोम क्या होगा?
A) रात B) धरती
C) विसर्जन D) अनागत

**137.** नैसर्गिक शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।
A) कृत्रिम B) नीरस
C) निष्क्रिय D) परिश्रमी

**138.** 'मसृण' का विलोम है
A) कम B) रुक्ष
C) साबुत D) गाफिल

**139.** निम्नलिखित विकल्पों में 'अथ' का विलोम क्या होगा ?
A) अनुज B) इति
C) अर्थ D) आदर्श

**140.** उनकी वीरता के कारण आस-पास के सैकड़ों घमंडी राजा चन्देलों के अधीन हो गए। वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द है।
A) अगैती B) असीम
C) मितव्यय D) स्वाधीन

**141.** दिए गए शब्द के विलोम शब्द का चयन करें-
सौम्य
A) उग्र B) सभ्य
C) साध्य D) कुटिल

**142.** 'विधि' का विलोम शब्द क्या है?
A) विकास B) विधान
C) निषेध D) संक्षेप

**143.** अच्छा कार्य करने से पुरस्कार मिलता हैं।
रेखांकित शब्द का सही विलोम बताइए-
A) भेंट B) दंड
C) ईनाम D) उपहार

**144.** इनमें से 'अर्थ' का विलोम शब्द क्या है?
A) अनर्थ B) नम्रता
C) मुरझाना D) अक्सर

**145.** दिए गए विकल्पों में से 'आगत' का विलोम क्या होगा?
A) निरुत्साह B) अन्तिम
C) इति D) अनागत

**146.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, दिए गए शब्द के विपरीत अर्थ वाला विकल्प चुनिए।
'तुच्छ'
A) अपूर्ण B) महान
C) अहित D) ग्राह्य

**147.** इनमें से 'वरदान' का विलोम शब्द क्या है?
A) अभिशाप B) स्वागत
C) पुरातन D) स्वस्थ

**148.** 'ग्रामीण' का विलोम है:
A) नागर B) नगर
C) विदेशी D) देश

**149.** निम्नलिखित विकल्पों में से एक युग्म में उपयुक्त विलोम शब्द का चयन नहीं हुआ है।
A) ह्रास - बढ़त B) आलस्य - स्फूर्ति
C) उत्तम - अधम D) उर्वर - ऊसर

**150.** उपयुक्त विलोम शब्द का चयन कीजिये -
**उद्यम**
A) प्रवीण B) आलस्य
C) नीरज D) नृप

**151.** 'विरल' का विलोम है-
A) सरल B) सघन
C) तरल D) मंथन

**152.** 'उत्कर्ष' का विलोम है-
A) निष्कर्ष B) अपकर्ष
C) आकर्ष D) विकर्ष

**153.** किस विकल्प में विपरीतार्थक शब्द नहीं है-
A) हलका - भारी B) वियोग - संयोग
C) हर्ष - विस्मय D) ग्राह्य - त्याज्य

**154.** **निर्देश**: निम्नलिखित के लिए सही विलोम शब्द का चयन कीजिए:
उपेक्षा:
A) परीक्षा B) लौकिक
C) अपेक्षा D) उठोक्षा

**155.** **निर्देश**: निम्नलिखित के लिए सही विलोम शब्द का चयन कीजिए:
सुधा:
A) कोलाहल B) हलाहल
C) अमृत D) मुधा

**156.** 'कीर्ति' का विलोम है:
A) अकीर्ति B) उपकीर्ति
C) अपकीर्ति D) उकीर्ति

**157.** निम्नलिखित में से 'स्थावर' का विलोम कौन-सा है?
A) मूक B) जंगम
C) स्थाई D) उत्थान

**158.** 'आहूत' का विलोम है
A) निमंत्रित B) आमंत्रित
C) अनाहूत D) बुलावा

**159.** प्रश्न में दिए गए विलोम शब्द का चयन उसके नीचे दिए गए विकल्पों में से कीजिये|
विरक्ति
A) आसक्त B) अनुरक्ति
C) उक्त D) विरत

**160.** 'आवरण' शब्द का विलोम है।
A) आच्छादन B) घूँघट
C) आयना D) अनावरण

**161.** दिए गए शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।
दयालु
A) बलवान B) निर्दोष
C) निर्दय D) निर्बल

**162.** दिए गए शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।
अनुराग
A) द्वेष B) विरक्त
C) व्यय D) शुष्क

**163.** गरल का विलोम शब्द है-
A) सरल B) सुधा
C) पानी D) आग

**164.** 'उत्कृष्ट' शब्द का विलोम है-
A) अपकृष्ट B) व्यर्थ
C) निकृष्ट D) विकराल

**165.** 'आह्वान' शब्द का विलोम है -

Android App Prateek Shivalik

A) आभ्यन्तर B) आर्द्र
C) विसर्जन D) अनृत

**166.** 'उपकार' शब्द का विलोम हैं -
A) नेकी B) प्रत्युपकार
C) परोपकार D) अपकार

**167.** 'बर्बर' शब्द का विलोम शब्द है :
A) बेबस B) सभ्य
C) जानकार D) आधुनिक

**168.** क्षणिक का विलोम शब्द क्या होगा-
A) अक्षणिक B) अक्षुण्ण
C) काल D) शाश्वत

**169.** गौरव का विलोम शब्द क्या होगा-
A) लघु B) लघुत्व
C) लाघव D) लघिमा

**170.** 'ताप' का विलोम शब्द क्या है?
A) शांत B) शीत
C) सरस D) मधुर

**171.** 'नगद' का विलोम शब्द क्या है?
A) कृत्रिम B) धनी
C) नीरस D) उधार

**172.** 'वन' का विलोम शब्द क्या है?
A) लघु B) वियोग
C) दिन D) मरु

**173.** स्तुति का विलोम शब्द क्या है?
A) व्यास B) स्मरण
C) सत्कार D) निंदा

**174.** इनमें से कौन-सा शब्द 'पौर्वात्य' का विलोम है?
A) शाश्वत B) पाश्चात्य
C) विदेशी D) पूर्ववर्ती

**175.** निम्नलिखित में से 'अधिक' शब्द के लिए कौन-सा सही विलोम शब्द है?
A) नॉन B) नुन
C) न्यून D) नून

**176.** निम्नलिखित में से 'आय' शब्द के लिए कौन-सा सही विलोम शब्द है?
A) व्यय B) ब्यय
C) ब्याय D) बयान

**177.** 'अगम' का विलोम शब्द निम्न में से कौन-सा है?
A) सुगम B) दुर्गम
C) आगम D) आवागमन

**178.** 'उदार' का निम्न में से कौन-सा सही विलोम शब्द है?
A) आभार B) अनदार
C) अनुदार D) साकीर्ण

**179.** 'रुग्ण' का निम्न में से कौन सा सही विलोम शब्द है?
A) रुग्नी B) स्वस्थ
C) रुगना D) सुस्त

**180.** 'रत' का विलोम शब्द निम्न में से कौन-सा है?
A) सूरत B) रथ
C) विरथ D) विरत

**181.** 'श्लाघा' शब्द का विलोम बताइए।
A) निन्दा B) आर्द्र
C) हर्ष D) सृजन

**182.** सूची-। के मूल शब्द को सूची-।। में उनके विलोम शब्द से मिलाइए-

| | सूची-I (मूल शब्द) | | सूची-II (विलोम शब्द) |
|---|---|---|---|
| 1. | ऋजु | a. | वक्र |
| 2. | घातक | b. | रक्षक |
| 3. | तटस्थ | c. | पक्षधर |
| 4. | सार | d. | पल्लवन |

A) 1 - a, 2 - b, 3 - c, 4 - d B) 1 - d, 2 - b,3 - c, 4 - a
C) 1 - b, 2 - a, 3 - d, 4 - c D) 1 - c, 2 - d, 3 - a,4 - b

**183.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए:

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| A. | सफल | I. | आकाश |
| B. | रात | II. | दिन |
| C. | धरती | III. | असफल |
| D. | ठंडा | IV. | गर्म |

निम्नलिखित विकल्पों में से समुचित उत्तर का चयन कीजिए:
A) A - III, B - II, C - I, D - IV B) A - I, B - II, C - III, D - IV
C) A - II, B - I, C - III, D - IV D) A - IV, B - II, C - I, D - III

**184.** 'साधारण' का विलोम नहीं है -
A) असाधारण B) विशेष
C) गौण D) विलक्षण

**185.** 'प्रच्छन्न' का विलोम नहीं है -
A) प्रकट B) अप्रत्यक्ष
C) अप्रच्छन्न D) प्रत्यक्ष

**186.** 'समझदार' का विलोम नहीं है-
A) गूढ़ B) नासमझ
C) नादान D) बेसमझ

**187.** 'सत्कर्म' का विलोम नहीं है-
A) अकर्म B) अपकर्म
C) दुष्कर्म D) कुकर्म

**188.** वाक्य के रेखांकित शब्द का विलोम शब्द क्या होगा?
सुभाष चन्द्र बोस एक <u>मुखर</u> वक्ता थे।
A) मूक B) मधुर
C) प्रखर D) वाचाल

**189.** वाक्य के रेखांकित शब्द का विलोम शब्द क्या होगा?
कर्मचारी अधिकारी के <u>सम्मुख</u> खड़ा था।
A) विमुख B) उन्मुख
C) अभिमुख D) परोक्ष

**190.** वाक्य के रेखांकित शब्द का विलोम शब्द क्या होगा?
यह संसार <u>नश्वर</u> है।
A) शाश्वत B) क्षणिक
C) पुरातन D) सुंदर

**191.** वाक्य के रेखांकित शब्द का विलोम शब्द क्या होगा?
हिमालय का <u>प्राकृतिक</u> सौन्दर्य देखते बनता है।
A) प्राचीन B) औद्योगिक
C) आधुनिक D) कृत्रिम

**192.** <u>आशा</u> जीवन में प्रकाश का संचार करती है। रेखांकित शब्द का उचित विलोम शब्द बताइए।
A) उदास B) दु:ख
C) निराशा D) हताशा

**193.** विकल्पों में से कौन सा निम्न शब्द का विलोम नहीं है -
कल्पित
A) यथार्थ B) अकल्पित
C) अयथार्थ D) वास्तविक

**194.** 'सरल' शब्द का विलोम नहीं है:

Android App Prateek Shivalik

A) कुटिल B) कठिन
C) वक्र D) क्षुद्र

**195.** 'सूर्योदय' शब्द का विलोम बताइए।
A) प्रात: काल B) साँझ
C) शाम D) सूर्यास्त

**196.** संतोष महा धन है। रेखांकित शब्द का विलोम बताइए।
A) असंतोष B) लालच
C) आलस D) श्रद्धा

**197.** निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए प्रत्येक वाक्य में 'विलोम' से रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प छांटिए- प्रेम तो सबसे भला,
किन्तु _________ किसी के साथ भी अच्छी नहीं
A) वैर B) घृणा
C) दुश्मनी D) विराग

**198.** घृणा करना पाप है।
रेखांकित शब्द का सटीक विलोम बताइए।
A) प्रेम B) नफरत
C) नाराजगी D) सजा

**199.** निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द का सटीक विलोम क्या होगा?
वक्तृत्व स्पर्धा में मुझे प्रथम पुरस्कार मिला।
A) उपहार B) दंड
C) तोहफा D) भेंट

**200.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से दिए गए शब्द के विपरीत अर्थ वाला विकल्प चुनिए।
संयोग
A) वियोग B) अवशेष
C) दुरुपयोग D) मिलन

## श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द

**201.** दिए गए शब्द युग्म का सही शब्द युग्म ज्ञात कीजिए।
बलि : बली
A) बहिन : कला B) निवास : वीर
C) बलिदान : वीर D) महक : बलिदान

**202.** दिए गए शब्द युग्म का सही शब्द युग्म ज्ञात कीजिए।
अभिराम : अविराम
A) निरंतर : भोजन B) सुंदर : बिना रुके
C) बिना रुके : निरंतर D) भोजन : सुंदर

**203.** दिए गए शब्द युग्म का सही शब्द युग्म ज्ञात कीजिए।
बन : वन
A) बाहरी : जंगल B) खराब : जंगल
C) मजदूरी : जंगल D) बवंडर : बाँह

**204.** दिए गए शब्द युग्म का सही शब्द युग्म ज्ञात कीजिए।
अपत्य : अपथ्य
A) उदासीन: असीम B) उदासीन : संतान
C) परहेज़ : असीम D) संतान : परहेज़

**205.** दिए गए शब्द युग्म का सही शब्द युग्म ज्ञात कीजिए।
अलि : आली
A) तुरंत : टिकठी B) टिकठी : भौंरा
C) भौंरा : सखी D) सखी : तुरंत

**206.** दिए गए शब्द युग्म का सही शब्द युग्म ज्ञात कीजिए।
अवशेष : अविशेष
A) साधारण : सामान्य B) बचा हुआ : साधारण
C) समान्य : बचा हुआ D) प्रारंभ : प्रथम

**207.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द-युग्म के अर्थ का सबसे अच्छा विकल्प है।
हुति - हूति
A) एक जाती - बुलावा B) आवाज़ हुनर
C) हवन-मोहर D) हवन- बुलावा

**208.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें जो शब्द युग्म के लिए सही अर्थ का विकल्प हो।
प्राचीन प्राचीर
A) भूमि, दीवार B) पुराना, दीवार
C) पुराना, नतीज़ा D) झांकी, दीवार

**209.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें जो शब्द युग्म के लिए सही अर्थ का विकल्प हो।
अद्य आद्य
A) पहला, अभी B) पहला, अभिप्राय
C) आज, पूजा D) आज, पहला

**210.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द युग्म का सही अर्थ का सही विकल्प हो।
सुचि-सूची
A) चाह हुआ, तालिका B) सुई, पुस्तक
C) पवित्र, रचना D) सुई, तालिका

**211.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो शब्द युग्म के लिए सही अर्थ का विकल्प हो।
आयत - आयात
A) समकोण चतुर्भुज, सूरत B) काम, बाहर से आना
C) खान, सूरत D) समकोण चतुर्भुज, बाहर से आना

**212.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द युग्म का सही अर्थ हो।
चपल-चपला
A) रचना, बिजली B) तैयार, घड़ा
C) चंचल, बिजली D) घड़ा, घने बादल

**213.** दिए गए शब्द युग्म का अर्थ ज्ञात कीजिए।
कृति : कृती
A) रचना : कमी B) आत्मा : रचना
C) रचना : साधन D) रचना : पुण्यात्मा

**214.** धात्री नए धात्र लेकर आई हैं। वाक्य में प्रयुक्त 'धात्री - धात्र' शब्द का सर्वाधिक उपयुक्त अर्थ है -
A) माता - बर्तन B) बेटी - वस्त्र
C) सरकार - नियम D) जनता - परिवर्तन

**215.** दिए गए शब्द युग्म का सही अर्थ ज्ञात कीजिए।
सम-शम
A) शांति-चावल B) समान-मोक्ष
C) चावल-शांति D) शांति-मोक्ष

**216.** आभरण-आमरण शब्द युग्म का सही अर्थ क्या है?
A) मृत्युतक – आभूषण B) भरणपोषण – जीवनपर्यंत
C) आभूषण – मृत्युतक D) आभूषण – अनसन

**217.** दिए गए शब्द युग्म का सही अर्थ ज्ञात कीजिए।
कमल-बादल
A) अब्द - अब्ज B) अब्ज - अब्द
C) अब्ज - घनक D) अब्द - पंकज

**218.** दिए गए शब्द युग्म का सही अर्थ ज्ञात कीजिए।
सर्व-शर्व
A) सही-सभी B) सभी-शव
C) सभी-शैव D) सभी-शाकाहारी

**219.** 'अजर - अजिर' समश्रुत भिन्नार्थक शब्द-युग्म के लिए क्रमशः सही अर्थ वाले विकल्प का चयन कीजिए-
A) जो जलता न हो - जो वृद्ध हो B) आँगन - जो वृद्ध न हो
C) जो वृद्ध न हो - आँगन D) जो वृद्ध न हो - जो पुराना हो

**220.** अम्बुज-अम्बुधि शब्द युग्म का सही अर्थ क्या है?
A) कमल - बादल B) कमल - समुद्र
C) बादल - समुद्र D) बादल - कमल

Android App Prateek Shivalik

# लेखक के बारे में



## प्रतीक शिवालिक

10+ वर्षों का शिक्षक प्रशिक्षण अनुभव
DSSSB में ऑल इंडिया तीसरी रैंक
KVS में ऑल इंडिया चौथी रैंक
7 बार के CTET टॉपर
केंद्रीय विद्यालय पटियाला, तथा दिल्ली के सरकारी विद्यालय एवं सहायता प्राप्त सरकारी विद्यालयों में शिक्षक के रूप मे कार्यानुभव

प्रतीक शिवालिक दिल्ली के सबसे प्रसिद्ध शिक्षक प्रशिक्षक (TEACHER TRAINER) हैं। वह 2013 से शिक्षक प्रशिक्षण (TEACHER TRAINING) के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। यहाँ तक कि दक्षिण भारत से भी छात्र उनसे पढ़ने आते हैं। वह अब तक हजारों शिक्षकों को प्रशिक्षित कर चुके हैं। वह केंद्रीय विद्यालय शिक्षक परीक्षा और साक्षात्कार की तैयारी में इतने सफल रहे हैं कि आपको भारत के प्रत्येक केंद्रीय विद्यालय में कम से कम एक शिक्षक ऐसा मिल जाएगा जो कभी न कभी उनका छात्र था। उनके द्वारा बनाई गई टेस्ट सीरीज़ अपनी गुणवत्ता के लिए जानी जाती है और छात्रों द्वारा भारत में सर्वश्रेष्ठ रेटिंग प्रदान की जाती है। उनके छात्रों ने KVS साक्षात्कार में 60/60 अंक (100% स्कोर) तक प्राप्त किए हैं। उनके छात्रों को DSSSB परीक्षा में पहली और दूसरी रैंक भी मिली है। उन्होंने खुद KVS में ऑल इंडिया चौथी रैंक, DSSSB में ऑल इंडिया तीसरी रैंक हासिल की है और 7 बार CTET टॉपर रहे हैं। आप उन्हें TELEGRAM और YOUTUBE पर भी खोज सकते हैं। इनका दिल्ली के केन्द्रीय विद्यालय, सरकारी विद्यालय एवं सहायता प्राप्त शासकीय विद्यालयों में एक शिक्षक के रूप में कार्यानुभव रहा है।

## अन्य महत्वपूर्ण पुस्तकें












